डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | 14 अगस्त 2025 | वर्ष-31, अंक-298, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


## झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



जन्म- 11 जनवरी 1944 निधन- 04 अगस्त 2025

**प्रिय देशवासियों,**

दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।


उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

### दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**



**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म** : 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज** : 16 अगस्त 2025 (शनिवार)
**कार्यक्रम स्थल** :- ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड

झामुमो केंद्रीय समिति

# पदारथडीह-राजनडीह मार्ग पर बारिश में फिसलन, आवागमन में खतरा



**● अंडरपास ब्रिज नहीं बना, पुलिया बाढ़ में बह गई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पदारथडीह-राजनडीह संपर्क मार्ग बारिश में बेहद फिसलन भरा हो जाता है, जिससे आवागमन जोखिमपूर्ण बन जाता है। रेलवे क्षेत्र में कच्चा रास्ता और क्षतिग्रस्त पुलिया परेशानी बढ़ा रही है। ग्रामीणों ने पहले अंडरपास ब्रिज की मांग की थी, लेकिन निर्माण नहीं हुआ। अब बाढ़ से राजबारा नदी की पुलिया टूट जाने से दूसरा रास्ता भी बंद हो गया है।

### पंचायत उन्नति कार्यशाला का आयोजन, विकास की रफ्तार तेज करने का आह्वान

# बीडीओ बोले-यह सूचकांक सिर्फ रैंकिंग नहीं, बल्कि विकास का रोडमैप है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय प्रसार कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने पंचायत उन्नति सूचकांक पुस्तक का विमोचन किया। बीडीओ मालवा ने कहा कि यह सूचकांक केवल रैंकिंग का पैमाना नहीं, बल्कि विकास की



दिशा तय करने का रोडमैप है। झारखंड में पलामू जिला नंबर वन बनने की तैयारी में है। उन्होंने पंचायतों से विकास कार्य तेज करने और उपलब्धियां समय पर पोर्टल पर दर्ज करने की अपील की।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः नगर पंचायत ने आयोजित की रंगोली व निबंध प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय का माहौल बुधवार को देशभक्ति और स्वच्छता के रंग में रंगा नजर आया। नगर पंचायत की ओर से यहाँ ह्लहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताह्व अभियान के तहत रंगोली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला और विचारों से सबका मन मोह लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ह्लस्वच्छ संसारह्व की थीम पर रंग-बिरंगी रचनाएं बनाईं, जो न केवल कला का प्रदर्शन थीं, बल्कि स्वच्छ भारत का सशक्त संदेश भी दे रही थीं। वहीं निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने स्वच्छता और देशभक्ति को एक साथ जोड़ते हुए अपने विचार रखे। इसमें प्रथम स्थान रूपरानी कुमारी ने स्रोत पृथक्करण की महत्ता और स्वयं की जिम्मेदारी को प्रेरक स्लोगन के साथ समझाया। द्वितीय स्थान आयशा खातून ने कहा– ह्लअगर हम सब सामूहिक रूप से स्वच्छता में योगदान दें, तो यही सच्चे अर्थों में राष्ट्रभक्ति होगी।ह्व तृतीय स्थान (सांझा) में शानी खातून ने यत्र-तत्र कूड़ा फैलाने वालों को रोकने पर जोर दिया, जबकि आफरीन खातून ने जन-जागरूकता को स्वच्छता की सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह, नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

# घर-घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल द्वारा बुधवार को घर-घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से पूजा-अर्चना के बाद हुई और नगर भ्रमण किया गया। यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है और इसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और सनातन संस्कृति की रक्षा करना हमारा मूल मंत्र है। यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, डॉ. वीपी शुक्ला, शिव वंश मिश्रा, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम सहित कई कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे। इधर, भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसकी शुरूआत तोलरा ग्राम पंचायत से हुई और समापन बीमोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुआ।

# एनजीटी की रोक के बाद भी अवैध बालू ढुलाई, ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध बालू की ढुलाई कर रहे एक ट्रैक्टर को लेस्लीगंज थाना पुलिस ने बुधवार सुबह गोराडीह टोली के पास से जब्त कर लिया। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर से अवैध बालू लाया जा रहा है। मौके पर पहुँचने पर पुलिस ने सोनालिका ट्रैक्टर (बिना नंबर) को बालू लदे हाल में पकड़ा, लेकिन पुलिस को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने कहा कि इस मामले की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बनने के 5 साल बाद भी उपयोगी नहीं बन सका कोल्ड स्टोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**किसानों और व्यापारियों ने संचालन की मांग की**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में बना कोल्ड स्टोर पांच साल बीत जाने के बाद भी किसानों और व्यापारियों के लिए उपयोगी नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, इसके चालू होने के बाद इसमें 30 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता होगी। ऊर्जा की वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इसमें जेनरेटर भी लगाया गया है, ताकि बिजली न रहने पर भी संचालन जारी रह सके। किसानों का कहना है कि निर्माण के दौरान उन्हें उम्मीद थी कि यहां विभिन्न



प्रकार के कच्चे माल को सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी, लेकिन आज तक यह सपना अधूरा है। कोल्ड स्टोर को निर्माण के बाद लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है, जिससे इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल उठ रहे हैं। विभागीय अधिकारी भी इसकी स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। किसानों और व्यापारियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार से कोल्ड स्टोर को जल्द चालू करने की दिशा में कदम उठाने की मांग की है।

# नगर परिषद कार्यालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नप अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और दो मिनट का मौन रखा। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने कहा कि शिबू सोरेन धरती पुत्र थे और उनका जीवन संघर्ष से भरा रहा। उनके प्रयासों से ही झारखंड राज्य का निर्माण संभव हुआ। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता आशीष पांडेय, संदीप मौर्या, आनंद कुमार, दीपक सिंह, प्रवीण कुमार, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि कुमार चौधरी, प्रियंका कुमारी, सुमित गुप्ता, दीपक चंद्रवंशी सहित सभी नपकर्मी मौजूद थे।

### उत्कृष्ट पंचायतों को मिला सम्मान, विकास को बताया सामूहिक प्रयास का परिणाम

# प्रखंड व पंचायतों को विकास की राह पर ले जाएँ : नीतू सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह ने कहा कि हर पंचायत को ऐसी योजनाओं का चयन करना चाहिए, जो अनुकरणीय हों। इससे पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन होगा और गांव तेजी से विकास की राह पकड़ेंगे। वे प्रखंड स्तरीय पंचायत उन्नति कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले पंचायत इस प्रकार रहे। प्रथम स्थान : रतनाग पंचायत, द्वितीय स्थान : सिलदिली पंचायत व तृतीय स्थान : कजरुकला पंचायत रहा। इन पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया और पंचायत सेवकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षक सत्यनारायण शुक्ला,



कोऑर्डिनेटर मो. ताबिश, मुखिया शशिभूषण पाल, रामकुमार यादव, मदन राम, पूनम देवी, रुखसाना बीबी, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश साव उर्फ ठेघु भाई, उदय रजवार, मनोज मेहता, सभी पंचायत सेवक और भिएलई मौजूद रहे। समापन संबोधन में नीतू सिंह ने कहा – ः विकास एक दिन का काम नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास का नतीजा है। सभी मिलकर काम करेंगे तो हमारा प्रखंड प्रदेश में मिसाल बनेगा।

# मुरमा कला में तिरंगा यात्रा से गूंजा गांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** रोड स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुरमा कला में तिरंगा अभियान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'सुभाष चंद्र बोस अमर रहें' के नारों से गांव का




माहौल देशभक्ति से भर गया। यात्रा में मंडल संयोजक महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवाओं ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना, युवाओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का एहसास कराना और एकता व अखंडता का संदेश फैलाना है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने तिरंगे के महत्व पर भी चर्चा की और बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियां सुनाई गईं।

# शराब शरीर समाज पर डालती है प्रतिकूल प्रभाव : प्रशिक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** जिला दंडाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू के निदेर्शानुसार राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय, सतबरवा में बुधवार को मादक द्रव्य एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मादक पदार्थ के जिला प्रशिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी और दिलीप प्रसाद ने कहा कि तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला, शराब, चरस, गांजा, अफीम जैसे नशे न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करते हैं, बल्कि समाज की संरचना को भी कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति में विद्यार्थी समाज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में नशीले पदार्थों की तस्करी, अफीम की खेती की रोकथाम और समाज व परिवार में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। अंत में शिक्षक व विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और नशा मुक्त भारत अभियान एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश चौधरी, दिलीप प्रसाद, रवि रंजन कुमार, राम रक्षा प्रसाद, सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, राहुल जायसवाल, सुबोध कुमार, नरेंद्र राम, विश्वजीत पासवान, मेघा कुमारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# हेलमेट चालान से नहीं, मौत से बचाता है : अनिल शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाले हादसों को रोकने के लिए अनिल शर्मा ने युवाओं को हेलमेट पहनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हेलमेट सिर्फ पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी बचाने के



लिए जरूरी है। उन्होंने कहा– ःघर पर आपका इंतजार करने वालों को आपकी मुस्कान चाहिए, आपकी तस्वीर पर माला नहीं। सड़क पर जीतने के लिए कोई ट्रॉफी नहीं मिलती, लेकिन हारने पर अपनों के आंसू और एक तस्वीर पर फूल जरूर मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि हेलमेट को बोझ नहीं, अपनी सुरक्षा का साथी समझें। साथ ही वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं।

# हैदरनगर में 20 साल से गंदगी की समस्या

**● शहरवासियों की पीड़ा, जिम्मेदार अब भी बेखबर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय और हैदरनगर शहर की गलियों में नालियों का पानी भरना अब आम बात हो गई है। खासकर बरसात के दिनों में गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या पिछले 20 साल से है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। चुनाव के समय सफाई और सौंदर्यीकरण के बड़े-बड़े वादे होते हैं, लेकिन काम शुरू होने से पहले ही रुक जाता है। शहरवासियों का कहना है कि अब धैर्य टूट चुका है और प्रशासन को तुरंत इस पर ध्यान देना



चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में अतिक्रमण से रोज लग रहा जाम

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के जयप्रकाश चौक से अंबेडकर चौक तक प्रतिदिन जाम की समस्या बनी हुई है। ठेले, टेंपो और बड़े वाहनों के सड़क पर खड़े होने से आवागमन बाधित होता है। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन को शिकायत दी, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ। फ्लाईओवर के पास नो-इंट्री बोर्ड भी हटा दिया गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### सराहनीय पहल जपला सेस स्कूल की बेटियों के लिए मुफ्त आने-जाने की सुविधा

# स्कूल प्रबंधन का सराहनीय कदम, अब 200 से ज्यादा छात्राओं को मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला के सेस स्कूल ने छठी कक्षा से ऊपर की सभी लड़कियों के लिए स्कूल आने-जाने की मुफ्त सुविधा शुरू की है। स्कूल के निदेशक कौशल किशोरम ने बताया कि कई गरीब परिवार की बेटियां साधन न होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थीं। खासकर बरसात या ठंड के मौसम में उनकी परेशानी और बढ़ जाती थी। अभी यह सुविधा 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाली छात्राओं को दी जा रही है। जल्द



ही इसे 10 किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है। इस पहल से फिलहाल 200 से ज्यादा छात्राएं लाभ ले रही हैं। श्री किशोरम ने कहा– ःहम चाहते हैं कि कोई भी बेटी रास्ते की परेशानी या आर्थिक मजबूरी के कारण पढ़ाई से न रुके। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। लड़कियों के अभिभावकों ने इस फैसले की खूब सराहना की और कहा कि इससे उनकी बेटियों का मनोबल बढ़ा है और पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी।

### तारा में तिरंगा यात्रा व नशा मुक्ति शपथ

# छात्र-छात्राओं ने जताया देशभक्ति का जज्बा, स्वच्छता का भी संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** तारा स्थित आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानियां उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का उत्साह दिखाया। यात्रा के दौरान करतब भी पेश किए गए। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि प्रहरी क्लब के सदस्यों ने नशा मुक्ति अभियान और हर घर तिरंगा के लिए लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक और ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

## स्वतंत्रता दिवस पर हुसैनाबाद में झंडोत्तोलन का समय तय

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल सभागार में एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक हुई। इसमें अनुमंडल मुख्यालय में सुबह 10:35 बजे झंडोत्तोलन का समय तय किया गया। विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों और चौक-चौराहों पर झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारित किया गया। साथ ही एसडीओ ने अतिक्रमण मुक्त कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने और स्कूलों से प्रभात फेरी निकालने के निर्देश दिए।

वर्ष-31, अंक- 298, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्णा पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
14 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पैतृक गांव नेमरा में गलियों और पगडंडियों पर घूमते नजर आए, कहा

# गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव है

**बोले सीएम**

- गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है
- जल, जंगल और जमीन राज्य के अस्तित्व का आधार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** नेमरा गांव के रास्तों पर चलते हुए, किसानों से मिलते हुए, जल-जंगल-जमीन के मुद्दों पर बोलते हुए — हर जगह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में पिता की विरासत जीवित दिखाई देती है। यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि विचारों, सिद्धांतों और सेवा के संकल्प का है।

झारखंड की धरती अपनी प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, कल-कल बहती नदियों और हरे-भरे खेतों के लिए जानी जाती है। इस धरती के सच्चे बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रकृति से गहरा लगाव है। यह लगाव केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उनकी जीवनशैली और नीतियों में साफ दिखाई देता है। गांव के प्राकृतिक वातावरण में पले-बढ़े मुख्यमंत्री आज भी अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में प्रकृति के साथ समय बिताना नहीं भूलते। इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा में सादगीपूर्ण अंदाज में गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते हुए नजर आए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव है। गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोग सिर्फ राज्य का मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि अपने पिता दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन की परछाई के रूप में भी देखते हैं। चाहे ग्रामीण इलाकों का दौरा हो, गरीब और वंचितों की समस्याएं सुनना हो या जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाना, हर कार्य में गुरुजी की सोच और आदर्श साफ झलकते हैं। जनसेवा, सरल स्वभाव और लोगों से गहरे जुड़ाव की वही विरासत, जिसे गुरुजी ने दशकों तक निभाया, आज मुख्यमंत्री अपने कार्यों से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व में वही सादगी, वही संघर्ष और वही अटूट समर्पण झलकता है, जिसने गुरुजी को लोगों के दिलों में अमर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है। 'गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा है।'

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल, जंगल और जमीन राज्य की पहचान और अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन तीनों संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध झारखंड बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की संस्कृति, परंपरा और आजीविका जल, जंगल और जमीन से अभिन्न रूप से जुड़ी है। यही कारण है कि राज्य सरकार जल संरक्षण, वनों की रक्षा और भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की असली पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर है। सरकार जल संरक्षण, वन संरक्षण और भूमि अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरती हरी-भरी और जीवनदायी बनी रहे।

### झारखंड की आत्मा हैं जल, जंगल व जमीन

मुख्यमंत्री का बचपन गांव की गोद में बीता, जहां सुबह की ठंडी हवा, खेतों की हरियाली और नदी की कलकल ध्वनि उनका रोज का साथी था। इसी वातावरण में पला-बढ़ा मन आज भी प्रकृति की गोद में सुकून पाता है। मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही हरा-भरा, स्वच्छ और जीवनदायी बना रहे, जितना यह आज है। वे मानते हैं कि विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के साथ तालमेल बिठाए। मुख्यमंत्री का मानना है कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। ये लोकगीतों, त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों में रचे-बसे हैं। इसलिए, इनके संरक्षण को सांस्कृतिक संरक्षण के रूप में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव का विकास राज्य के सर्वांगीण विकास की बुनियाद है और हमारी सरकार ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## झारखंड के 2.22 लाख परिवारों को मिलेगा पक्का घर

# सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़ा आवंटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2018 की प्रतीक्षा सूची में शामिल 2,22,069 लाभार्थियों को अब पक्का घर मिलेगा। इस फैसले से झारखंड के साथ-साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा और पलामू जिले के हजारों परिवार लाभान्वित होंगे।

यह उपलब्धि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से संभव हुई है। सांसद ने 17 जुलाई 2025 को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत मुलाकात कर इस मुद्दे को मजबूती से रखा था। इसके बाद 3 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्री से प्राप्त पत्र में स्पष्ट किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में झारखंड के सभी प्रतीक्षारत लाभार्थियों को आवास देने का लक्ष्य तय किया गया है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति झारखंड वासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल झारखंड बल्कि मेरे पलामू संसदीय क्षेत्र के हजारों गरीब परिवारों के जीवन में खुशियां लाएगा। अब हर जरूरतमंद को अपना पक्का घर मिलेगा।

सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करता है। अब गढ़वा-पलामू के लोग बेहतर जीवन और सुरक्षित आवास का सपना पूरा कर पाएंगे। इस निर्णय से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में आवास निर्माण की रफ्तार तेज होगी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# गोइलकेरा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

- एक एसएलआर राइफल भी बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता गांव के पास बुधवार की सुबह पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। मौके से एक एसएलआर राइफल बरामद की गई है।

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान डॉ माइकल राज ने कहा कि चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। टीम जैसे ही सौता के जंगल-पहाड़ी इलाके में पहुंची, तो नक्सलियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभालकर जवाबी कार्रवाई की। करीब एक घंटे तक दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलीं।

इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इलाके की तलाशी के दौरान एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इधर, जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के बाद कुछ नक्सली भागने में सफल हुए, जिनकी तलाश के लिए आसपास के इलाकों में कांबिंग ऑपरेशन जारी है।

ज्ञात हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में पिछले कुछ समय से पुलिस का सघन अभियान जारी है। खासकर, सारंडा और आसपास के जंगलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिस ने कई नक्सली बंकर ध्वस्त किए हैं और बड़ी संख्या में आईईडी व हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का मकसद क्षेत्र को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाना है। आईजी अभियान ने दावा किया कि सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है और जल्द ही इस इलाके में नक्सली गतिविधियों का पूरी तरह अंत हो जाएगा।

राज्य में इस वर्ष पुलिस के साथ मुठभेड़ की अलग-अलग घटनाओं में अब तक 23 नक्सली मारे जा चुके हैं। अप्रैल महीने में बोकारो जिले के लुगू पहाड़ी इलाके में एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे।

## राज्य के बड़े नेताओं, अधिकारियों से लेकर ग्रामीणों का तांता लगा है नेमरा में

# लाखों की भीड़ संभालने के लिए मुस्तैद है प्रशासन

- गुरुजी के आवास से तीन किमी पहले से ही सुरक्षा बल तैनात

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा जाने के दोनों रास्ते - गोला से सिल्ली और सिल्ली से गोला - में मंत्रियों, उच्च अधिकारियों से लेकर मोटरसाइकिल, स्कूटी तक पर गुरुजी को श्रद्धांजलि और व्यवस्था संभालने वालों की कतार लगी हुई है। रांची से ओरमांझी होते हुए नेमरा तक की सड़क शानदार बन गई है। वहीं, सिल्ली से नेमरा जाने वाली सड़क पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है, जिस पर बंगाल और जमशेदपुर व चाईबासा की ओर जाने वाले लोगों की भीड़ देखी गई। चप्पे-चप्पे पर, पेड़ों के नीचे और अस्थायी पुलिस पोस्ट तक में पुलिसकर्मी तैनात हैं। बड़े-बड़े जेनरेटर की मदद से ग्रामीण रास्तों तक में तेज रोशनी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी पैदल या वाहन से चलने वाले व्यक्ति को कोई असुविधा न हो। रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक रह चुके किशोर कौशल और रांची के उपायुक्त रह चुके राहुल सिन्हा सहित रांची और झारखंड के अनेक उच्च अधिकारियों को भारी भीड़ को संभालने की तैयारी की समीक्षा करते हुए देखा गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा पुलिसकर्मियों को भारी भीड़ को गाइड करते हुए बुधवार को देखा गया, जबकि गुरुवार से और भी भीड़ बनने की संभावना है। गुरुजी की ऊंचाई पर स्थित आवास तक आने-जाने के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन की ओर से बैटरी चालित वाहनों की व्यवस्था की गई है। गर्मी और उमस को देखते हुए बड़ी संख्या में कूलर बड़े-बड़े टेंट में लगाए गए हैं। आमतौर पर कड़ाई से पेश आने वाले पुलिसकर्मी भी हर आम और खास से विनम्रता पूर्वक पेश आ रहे थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा भी तत्पर दिखे। गुरुजी के आवास के बाहर बने अस्थायी बड़े साइज के टेंट में बड़े-बड़े पंखे और कुर्सियों की व्यवस्था की गई है, जो लगभग खचाखच भरी हुई है।

राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय सिंह सहित पलामू के कई नेताओं को वहां देखा गया। हॉल के बाहर गुरुजी की तस्वीर लगे टेंट के अंदर श्रद्धांजलि देने वालों की भारी भीड़ थी।

## इंडिया

# एआइ से भारत में भी नौकरियों को खतरा है या बढ़ेगी वैश्विक शक्ति



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम मेधा के आने के बाद हमारे लिए कई काम आसान हो गए हैं जबकि इससे हमारा जीवन कितना आसान हुआ है और चुनौतियां कितनी बढ़ गई हैं ये अभी वैश्विक चर्चा का विषय है । एक आम भारतीय जो सोशल मीडिया पर फटाफट फोटो,ऑडियो या वीडियो बनते देख रहा है उसे कई बातों का पता नहीं । एक खतरा तो हम यह देख रहे हैं जो साइबर ठग अपना रहे हैं और हमारे बच्चों या निकट संबंधियों की आवाज की नक़ल तैयार कर पैसे वसूलने का प्रयास कर रहे हैं अनेक मामले ऐसे आए हैं जब अभिभावक बिना पूरी बात सुने रिकार्डेड संदेश जिसमें वह अस्पताल में या पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए पैसों की मांग करता है,डर जाते हैं और उन ठगों के चंगुल में फंस जाते हैं । दूसरी ओर क्या बड़ा ख़तरा खास तौर पर बेरोजगारी से जूझ रहे भारत के लिए है जिसमें एआइ मानवीय कार्यों के विकल्प के तौर पर भी उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय जॉब मार्केट में कई नौकरियों में एआइ ने मनुष्यों की तरह दक्षता से काम कर उनकी नौकरी छीन ली है।भारत की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनियों एयरटेल और जियो सहित अनेक टेक कंपनियों ने तो अपना कॉल सेंटर लगभग पूरी तरह एआइ के हवाले कर दिया है गूगल के पूर्व एग्जीक्यूटिव मो गव्दात का एक बयान आया है जिसमें उन्होंने लोगों को चेतावनी दी है और कहा है कि आने वाले 15 साल में एआई इंसानों को नरक दिखा देगा बुरा दौरा साल 2027 से शुरू होगा। मो गव्दात ने डायरी ऑफ सीइओ पॉडकास्ट में कहा है कि एआई आने वाले समय में व्हाइट कॉलर जॉब्स को खत्म कर देगा यानी जिन नौकरियों के लिए पढ़ाई या विशेषज्ञता आधारित डिग्री की अनिवार्यता है उन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अपनी स्टार्टअप कंपनी एम्मा.लव का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले ऐसी कंपनी को चलाने के लिए 350 लोगों की जरूरत पड़ती थी। लेकिन अब मात्र 3 लोग ये काम कर रहे हैं। एआई का फायदा कुछ अमीर और पावरफुल लोगों को ही मिलेगा, आम लोगों की नौकरियां तो जाएंगी ।पॉडकास्ट में मो गव्दात ने बताया कि एआई नौकरियां खत्म करेगा और आर्थिक असमानता को बढ़ाएगा। नौकरिया खत्म होने के बाद लोग आजीविका के साथ-साथ जीवन का उद्देश्य भी खो देंगे। इससे मानसिक समस्याएं होंगी, अकेलापन होगा और सामाजिक विभाजन भी बढ़ेगा। मिडिल क्लास जैसा कुछ नहीं बचेगा। वैसे इसके व्यावहारिक पक्ष को देखें तो एआई को लागू करने का सबसे बड़ा और सबसे स्पष्ट नुकसान यह है कि इसका नौकरियों जैसी दक्षता के लिए विकास बेहद महंगा हो सकता है। आपको एआई से क्या करवाना है, इसके आधार पर लागत बदलती रहती है। एक अनुमान के अनुसार, अधिकांश व्यवसायों के लिए पूरी तरह से लागू एआई समाधान की लागत 20,000 डॉलर से लेकर लाखों डॉलर तक हो सकती है जो भारत के लिए आसान नहीं ।अगर उससे नुकसान हो जाए तो क्या इसकी भरपाई के लिए बीमा हो सकता है ? इस तरह के कुछ मामले की चर्चा लंदन में चर्चा हुई है।अमेरिका-भारत व्यापार तनावों के बीच भारत खुद को एक विश्वसनीय सहयोगी और एक क्षेत्रीय तकनीकी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उत्सुक है पर वैश्विक एआई आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत होने की उसकी कोशिश संसाधनों की कमी, विशेष रूप से कंप्यूटिंग शक्ति और बड़े पैमाने के मॉडलों में के कारण बाधित है। वैश्विक आकांक्षाओं को घरेलू प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करते हुए सरकार एक जटिल एआई विकास एजेंडे पर काम कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रति दृष्टिकोण खंडित हो रहे हैं।







स्वतंत्रता दिवस से पहले तैयारियां तेज, निरीक्षण से लेकर सम्मान तक गूंजा देशभक्ति का माहौल

# एसडीओ-पुलिस उपाधीक्षक ने परेड का किया निरीक्षण, कल्याण विभाग ने छात्राओं को प्रेरित किया

● परेड निरीक्षण और पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गोविंद प्लस टू हाई स्कूल मैदान (टाउन हॉल) में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अंतिम तैयारियों का जायजा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार और पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा ने संयुक्त रूप से लिया। इस दौरान परेड निरीक्षण, झंडोत्तोलन और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास किया गया। एसडीओ जीप पर सवार होकर परेड का निरीक्षण करते नजर आए, जिसके बाद उन्होंने झंडोत्तोलन किया। उपस्थित पदाधिकारी, स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर राष्ट्रगान गाया। एसडीओ और डीएसपी ने परेड में भाग ले रहे सभी प्लाटून की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में पूरे जोश और शान के साथ प्रदर्शन होना चाहिए। इस मौके पर जिला नजारत उप-समाहर्ता धीरज प्रकाश, स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

## गोताखोर बने 'जल रक्षक', कॉफी विद एसडीएम में मिला सम्मान

**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ में क्षेत्र के 26 गोताखोरों को आमंत्रित कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने गोताखोरों को ह्यजल रक्षकह्न की उपाधि देते हुए सम्मानित किया। गोताखोरों ने उपकरणों की कमी, प्रशिक्षण की आवश्यकता और मानदेय की मांग रखी। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जल्द ह्यलाइफ सेविंगह्न प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा और मत्स्य विभाग से समन्वय कर मानदेय देने के विकल्प तलाशे जाएंगे। कार्यक्रम में सोनू कुमार और करीमन चौधरी को साहसिक बचाव कार्य के लिए शॉल और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# किसान की बेटी निधि ने नीट में मारी बाजी

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** (गढ़वा) प्रखंड के सुंडी गांव की निधि गुप्ता ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर इलाके का नाम रौशन किया है। किसान दिनेश प्रसाद गुप्ता की बेटी निधि की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। निधि ने बताया कि उनकी शुरूआती पढ़ाई नगर उंटारी के मिलियम पब्लिक स्कूल में हुई। इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए वह रांची गईं और कोचिंग में तैयारी शुरू की। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने पिता, दादा, मां और शिक्षकों को दिया। निधि के पिता ने कहा कि वह खुद डॉक्टर बनना चाहते थे, लेकिन सपना पूरा नहीं हो सका। अब बेटी ने यह सपना साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

## खुटिया गांव के चिकित्सक दुर्योधन साव की सड़क हादसे में मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खुटिया गांव में बुधवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया। गांव के निवासी और पेशे से चिकित्सक दुर्योधन साव, जो छत्तीसगढ़ के खरवां में रहकर मरीजों का इलाज करते थे, की अचानक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अहले सुबह दुर्योधन साव किसी मरीज का इलाज करने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका सिर गंभीर रूप से फट गया और वे मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत वाड्राफनगर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोट और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही उनके बेटे बिपिन गुप्ता, आनंद गुप्ता और लवकुश गुप्ता समेत परिवार के अन्य सदस्य अस्पताल और घटनास्थल पहुंचे। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर है। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया जा रहा है, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## नगर उंटारी में आई केयर व एसके ब्रांड एथनिक्स का भव्य उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी में बुधवार को आई केयर एवं ऑप्टिकल सेंटर और एसके ब्रांड एथनिक्स शोरूम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय समिति के सदस्य ताहीर अंसारी और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। ताहीर अंसारी ने कहा कि इस शोरूम के खुलने से नगर उंटारी और आसपास के लोगों को अब चश्मा, घड़ी, जूते और सभी तरह के ब्रांडेड कपड़े एक ही छत के नीचे मिलेंगे। ह्लअब इन सामानों के लिए रांची या गढ़वा जाने की जरूरत नहीं होगी,ह्व उन्होंने कहा। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने इस पहल को नगर के लिए सुखद बदलाव बताते हुए कहा कि कपड़े और चश्मे की खरीदारी के लिए अब बाहर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। प्रो. महमूद आलम सीनियर ने बताया कि एसके ब्रांड एथनिक्स में सभी ब्रांड के कपड़े उपलब्ध हैं और यहां कोर्ट-पैंट से लेकर शेरवानी तक की सिलाई की जाती है। शादी-विवाह और त्योहारों के लिए विशेष परिधान की व्यवस्था भी है। नेत्र परीक्षक तौफिक आलम ने कहा कि सेंटर पर ऑपरेशन से पहले की सभी जांच सुविधाएं मौजूद हैं—चाहे चश्मे का पावर बदलवाना हो, मोतियाबिंद संबंधी जांच हो या आंखों में संक्रमण, हर प्रकार की जांच और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर रेंजर प्रमोद ठाकुर, तस्लीम खान सीनियर, तौहिद खान, इसराइल खान, कलाम खान, लालबाबू खान, मोहम्मद गुलाम नबी, शोएब आलम, पप्पू खान, सुधीर चौबे, इबरार खान, तौहिद आलम, इजमामूल हक, असगर अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 27 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश औरये प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बतो खुर्द के 8वीं कक्षा के 27 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बच्चों से कहा कि यदि उनके अभिभावक बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाएं तो वे उनकी चाबी निकालकर सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभाएं, ताकि सड़क हादसों पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुफ्त दी गई साइकिल से दूर-दराज के बच्चों का सफर आसान होगा और समय की बचत होगी। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलाकांत पाठक, समाजसेवी बाबू खान और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## राजमाता अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण

**गढ़वा।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर गढ़वा जिला पाल महासभा ने चिनिया मोड़ स्थित नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय नगर भवन के पास उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने तलवार से नहीं, बल्कि परोपकार और न्याय से इतिहास रचा। वे एक साध्वी जैसी रानी थीं, जिन्होंने गद्दी को तपोभूमि बना दिया। युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि वे भारतीय संस्कृति की महान संरक्षक थीं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी महिलाओं के उत्थान, गरीबों के कल्याण और लोकहित में कार्य किए। कार्यक्रम से पहले प्रतिमा और परिसर की सफाई कर फूलों से सजाया गया। मौके पर ₹अहिल्याबाई होलकर अमर रहें₹ और ₹भारत माता की जय₹ के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर सुमित पाल, सुखबीर पाल, बुधन पाल, सुरेंद्र पाल, रामनाथ पाल, रामदेव पाल, जितेंद्र पाल, विवेकानंद पाल, रामेश्वर पाल, दिलीप पाल, विनय पाल सहित बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग उपस्थित थे।

## खरौंधी में तिरंगे के रंग में रंगा बाजार

**खरौंधी।** गणतंत्र और आजादी के जज्बे को सलाम करते हुए भाजपा मंडल खरौंधी की ओर से बुधवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा के नेतृत्व में कोण मोड़ से शुरू हुई यह यात्रा देशभक्ति के नारों के बीच चंदनी मोड़ तक पहुंची। खरौंधी का बाजार तिरंगे के रंग में रंग गया। कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता, पंचायत संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा लिए ₹भारत माता की जय₹, ₹वंदे मातरम्₹ और ₹जय हिंद₹ के नारों से माहौल को गूंजाते रहे। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है और इसका सम्मान हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने सभी का आभार जताते हुए ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## भाजपा नेता रामाशीष यादव का श्रद्धांजलि दौरा

**मझिआंव।** यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव ने बुधवार को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव पहुंचकर झारखंड राज्य के शिल्पकार और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिसोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। रामाशीष यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर उनके पिता के संघर्षपूर्ण जीवन को याद किया। उन्होंने कहा, ₹दिसोम गुरु जी का संपूर्ण जीवन समाज और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके योगदान को राज्य की जनता हमेशा याद रखेगी।₹ श्रद्धांजलि अर्पण के दौरान स्थानीय लोगों और राजनीतिक कार्यकताओं ने भी गुरुजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

# जिला कल्याण पदाधिकारी का आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बुधवार को मझिगांवा पंचायत के हरिहरपुर ओपी के पास स्थित आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह विद्यालय जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा में पहुंचकर छात्राओं को बेहतर नागरिक बनने और जीवन में ऊंचाइयां छूने की प्रेरणा दी। यहां कक्षा 6 से 10 तक की छात्राएं पढ़ती हैं, जिनमें कई आदिम जनजाति समूह की भी हैं। मौके पर बीडीओ राकेश सहाय, पंचायत राज प्रखंड कोऑर्डिनेटर उमंग कुमार पांडेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, विद्यालय की वार्डन अनुभा टोप्पो और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## खरौंधी में कांग्रेस ने चुनाव आयोग का पुतला फूंका

**खरौंधी।** (गढ़वा) मंगलवार शाम कांग्रेस प्रखंड इकाई ने खरौंधी बाजार में चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाते हुए आयोग का पुतला जलाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने किया। शाम 5 बजे कार्यकर्ता नावाडीह मोड़ तक जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए लौटे और पुतला दहन किया। राहुल दुबे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची में गड़बड़ी कर लोकतंत्र की हत्या कर रहा है और केन्द्र सरकार का एजेंट बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आयोग के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस देशव्यापी आंदोलन करेगी।

सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा, सीओ ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

## एफसीआई चावल गोदाम के पास 1 एकड़ 31 डिसमिल जमीन अतिक्रमण की जद में, कार्रवाई के आदेश



नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई चावल गोदाम के पास सरकारी जमीन पर दबंग भू-माफियाओं का लगातार अतिक्रमण जारी है। यह भूमि खाता संख्या 79, प्लॉट संख्या 209/372 में दर्ज है, जिसका कुल रकबा 1 एकड़ 31 डिसमिल है। बुधवार को अंचल पदाधिकारी राकेश सहाय ने राजस्व कर्मचारी और अंचल अमीन के साथ मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन कराया। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजकर 24 घंटे में जमीन खाली करने का आदेश दिया जाए। चेतावनी दी कि समय पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश, नगर पंचायत ने कराया निबंध व रंगोली प्रतियोगिता

# बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्राओं ने दी 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' की प्रेरणा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद की ओर से बुधवार को बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में रंगोली और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का मुख्य विषय था झ ₹हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता₹। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ह्यस्वच्छ संसारह्न का आकर्षक चित्रण किया, जो कला के साथ स्वच्छ भारत का स्पष्ट संदेश भी दे रहा था। वहीं, निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने विचार प्रभावशाली अंदाज में रखे।

**परिणाम इस प्रकार रहे**

प्रथम स्थान: रूपरानी कुमारी झ स्रोत पृथक्करण की महत्ता और स्वयं की जिम्मेदारी पर प्रेरक स्लोगन।

द्वितीय स्थान: आयशा खातून झ सामूहिक स्वच्छता को सच्ची राष्ट्रभक्ति बताया।

तृतीय स्थान (सांझा): शानी खातून झ यत्र-तत्र कूड़ा फैलाने वालों को रोकने पर जोर; आफरीन खातून झ जन-जागरूकता को सफलता की कुंजी बताया।

प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन में स्वच्छता अपनाने का संकल्प है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू

पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101 दूरभाष सं0–06562–222621

ई–मेलः–Palamau.MDM@gmail .com

### –: आवश्यक सूचना :–

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06–08 के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 एवं निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1201 दिनांक 11.08.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (भाषा) संबंधित कुल 97 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है जिनका काउंसिलिंग दिनांक 19.08.2025 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार में आयोजित की जायेगी।

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 (भाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 13.08.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153** (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू) एवं **8102713045** (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू) पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू।

PR 359475 District(25-26)D

## कार्यालय; जिला परिवहन पदाधिकारी, पलामू।

Email-ID:- dtopalamu@rediffmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नाकिंत वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि बकाया है वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि के भुगतान के बिना वाहनों का परिचालक दण्डनीय है।

अतः निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के अन्दर बकाया पथकर (Road Tax) की राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। जो निम्नवत है:–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187 | JH03AP6736 | MV Tax | 27-May-2024 | MPV |
| 2 | 189 | JH03AP8852 | MV Tax | 27-May-2024 | MPV |
| 3 | 316 | JH03L7912 | MV Tax | 13-Apr-2015 | MPV |
| 4 | 324 | JH03N3156 | MV Tax | 05-Apr-2016 | MPV |
| 5 | 149 | JH03AA4944 | MV Tax | 02-Mar-2020 | LPV |
| 6 | 150 | JH03AA7053 | MV Tax | 02-Mar-2020 | LPV |
| 7 | 152 | JH03AA9279 | MV Tax | 25-Mar-2020 | LPV |
| 8 | 376 | JH03Z9496 | MV Tax | 02-Dec-2019 | HPV |
| 9 | 295 | JH03H6396 | MV Tax | 30-Apr-2013 | MPV |
| 10 | 330 | JH03Q0866 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 11 | 333 | JH03Q8243 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 12 | 342 | JH03S3617 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 13 | 344 | JH03S5380 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 14 | 350 | JH03T3774 | MV Tax | 30-Mar-2018 | MPV |
| 15 | 368 | JH03Y4847 | MV Tax | 26-Jul-2019 | HPV |
| 16 | 289 | JH03G9182 | MV Tax | 29-Aug-2012 | MPV |
| 17 | 292 | JH03H0382 | MV Tax | 15-Oct-2012 | LPV |
| 18 | 196 | JH03AS0173 | MV Tax | 03-Apr-2025 | LPV |
| 19 | 338 | JH03R6732 | MV Tax | 14-Oct-2017 | HPV |
| 20 | 143 | JH03AA0795 | MV Tax | 29-Apr-2020 | HPV |
| 21 | 332 | JH03Q5531 | MV Tax | 24-Apr-2017 | HPV |
| 22 | 161 | JH03AJ0131 | MV Tax | 19-Jan-2023 | HPV |
| 23 | 162 | JH03AJ5822 | MV Tax | 19-Jan-2023 | HPV |
| 24 | 314 | JH03L6966 | MV Tax | 19-Jun-2015 | MPV |
| 25 | 31 | BR150486 | MV Tax | 27-Dec-1989 | HPV |
| 26 | 34 | BR15A3233 | MV Tax | 12-Oct-1998 | LPV |
| 27 | 280 | JH03F4311 | MV Tax | 30-Mar-2011 | MPV |
| 28 | 328 | JH03P9368 | MV Tax | 11-Aug-2004 | HPV |
| 29 | 351 | JH03T5963 | MV Tax | 10-Apr-2018 | LPV |
| 30 | 240 | JH03C0782 | MV Tax | 05-Oct-2006 | LPV |
| 31 | 353 | JH03U2076 | MV Tax | 11-Mar-2011 | LPV |
| 32 | 137 | JH03A7304 | MV Tax | 11-Dec-2003 | HPV |
| 33 | 139 | JH03A8354 | MV Tax | 19-Mar-2004 | HPV |
| 34 | 133 | JH03A5859 | MV Tax | 28-Jun-2003 | HPV |
| 35 | 134 | JH03A5860 | MV Tax | 28-Jun-2003 | HPV |
| 36 | 202 | JH03AS6726 | MV Tax | 20-Mar-2025 | MPV |
| 37 | 203 | JH03AS9130 | MV Tax | 20-Mar-2025 | MPV |
| 38 | 194 | JH03AR3751 | MV Tax | 07-Jan-2025 | LPV |
| 39 | 345 | JH03S6359 | MV Tax | 17-Jan-2018 | LPV |
| 40 | 73 | BR26C7009 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 41 | 74 | BR26C7010 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 42 | 75 | BR26C7011 | MV Tax | 17-Sep-2010 | MPV |
| 43 | 8 | BEZ8182 | MV Tax | 01-Oct-1987 | HPV |
| 44 | 91 | BRO9040 | MV Tax | 16-Dec-1983 | LPV |
| 45 | 271 | JH03E5011 | MV Tax | 24-Apr-2010 | MPV |
| 46 | 302 | JH03J7200 | MV Tax | 05-Jan-2013 | MPV |
| 47 | 306 | JH03K6859 | MV Tax | 03-Jun-2014 | MPV |
| 48 | 307 | JH03K7018 | MV Tax | 03-Jun-2014 | MPV |
| 49 | 311 | JH03L1742 | MV Tax | 13-Jun-2015 | MPV |
| 50 | 317 | JH03L8900 | MV Tax | 13-Jun-2015 | MPV |
| 51 | 336 | JH03R1608 | MV Tax | 14-Jul-2017 | HPV |
| 52 | 155 | JH03AG3190 | MV Tax | 14-Mar-2022 | MPV |
| 53 | 169 | JH03AK1400 | MV Tax | 03-Feb-2023 | LPV |
| 54 | 98 | CG15A4726 | MV Tax | 16-Dec-2005 | LPV |
| 55 | 192 | JH03AR0194 | MV Tax | 29-Nov-2024 | MPV |
| 56 | 326 | JH03N4662 | MV Tax | 20-May-2016 | LPV |
| 57 | 367 | JH03Y1980 | MV Tax | 02-Jul-2019 | HPV |
| 58 | 176 | JH03AL4470 | MV Tax | 24-May-2023 | LPV |
| 59 | 184 | JH03AP2294 | MV Tax | 26-Apr-2024 | LPV |
| 60 | 276 | JH03F0322 | MV Tax | 02-Nov-2010 | MPV |
| 61 | 277 | JH03F0323 | MV Tax | 02-Nov-2010 | MPV |
| 62 | 48 | BR15P0782 | MV Tax | 25-Aug-1998 | LPV |
| 63 | 63 | BR15P7777 | MV Tax | 14-Jan-1993 | LPV |
| 64 | 172 | JH03AL0636 | MV Tax | 07-Jul-2023 | LPV |
| 65 | 197 | JH03AS0546 | MV Tax | 04-Mar-2025 | MPV |
| 66 | 109 | JH01Z6273 | MV Tax | 08-May-2009 | HPV |
| 67 | 360 | JH03W5666 | MV Tax | 21-Jan-2019 | LPV |
| 68 | 62 | BR15P7770 | MV Tax | 05-May-1998 | HPV |
| 69 | 296 | JH03H7166 | MV Tax | 15-May-2013 | MPV |
| 70 | 256 | JH03D2114 | MV Tax | 08-Sep-2008 | HPV |
| 71 | 297 | JH03H7307 | MV Tax | 17-May-2013 | HPV |
| 72 | 283 | JH03G3334 | MV Tax | 18-Feb-2012 | MPV |
| 73 | 334 | JH03R0527 | MV Tax | 29-Jul-2017 | HPV |
| 74 | 15 | BPJ9122 | MV Tax | 20-Feb-1987 | LPV |
| 75 | 90 | BRO8700 | MV Tax | 04-Jun-1987 | LPV |
| 76 | 170 | JH03AK3250 | MV Tax | 23-Mar-2023 | HPV |
| 77 | 171 | JH03AK6534 | MV Tax | 28-Mar-2023 | MPV |
| 78 | 186 | JH03AP6579 | MV Tax | 19-Jun-2024 | LPV |
| 79 | 30 | BR150025 | MV Tax | 19-Jul-1989 | HPV |
| 80 | 80 | BR42P0777 | MV Tax | 01-Jun-1998 | LPV |
| 81 | 305 | JH03K6573 | MV Tax | 11-Nov-2014 | MPV |
| 82 | 323 | JH03M6331 | MV Tax | 15-Sep-2015 | LPV |
| 83 | 349 | JH03S8391 | MV Tax | 15-Feb-2018 | MPV |
| 84 | 372 | JH03Z2794 | MV Tax | 26-Oct-2019 | HPV |
| 85 | 205 | JH03AT3907 | MV Tax | 29-May-2025 | LPV |
| 86 | 206 | JH03AT5240 | MV Tax | 29-May-2025 | LPV |
| 87 | 247 | JH03C5479 | MV Tax | 30-Jul-2007 | LPV |
| 88 | 248 | JH03C5480 | MV Tax | 30-Jul-2007 | LPV |
| 89 | 359 | JH03W5468 | MV Tax | 07-Feb-2019 | HPV |
| 90 | 377 | JH05V5127 | MV Tax | 26-Mar-2008 | LPV |
| 91 | 163 | JH03AJ6330 | MV Tax | 18-Jan-2023 | HPV |
| 92 | 274 | JH03E9959 | MV Tax | 22-Oct-2010 | LPV |
| 93 | 22 | BR14A8042 | MV Tax | 01-Oct-1991 | HPV |
| 94 | 66 | BR15P9122 | MV Tax | 21-Oct-1992 | HPV |
| 95 | 117 | JH03A2931 | MV Tax | 16-Jul-2002 | LPV |
| 96 | 118 | JH03A2934 | MV Tax | 28-Aug-2002 | LPV |
| 97 | 119 | JH03A2938 | MV Tax | 29-Jul-2002 | LPV |
| 98 | 120 | JH03A2997 | MV Tax | 29-Jul-2002 | LPV |
| 99 | 122 | JH03A3068 | MV Tax | 27-Aug-2002 | LPV |
| 100 | 123 | JH03A3134 | MV Tax | 08-Aug-2002 | LPV |
| 101 | 127 | JH03A3327 | MV Tax | 05-Sep-2002 | LPV |
| 102 | 128 | JH03A3351 | MV Tax | 06-Sep-2002 | LPV |
| 103 | 279 | JH03F3052 | MV Tax | 21-Feb-2011 | MPV |
| 104 | 303 | JH03J8908 | MV Tax | 22-Nov-2013 | HPV |
| 105 | 310 | JH03L1706 | MV Tax | 16-Jan-2015 | MPV |
| 106 | 320 | JH03M1146 | MV Tax | 27-Aug-2015 | MPV |
| 107 | 322 | JH03M5289 | MV Tax | 24-Nov-2015 | MPV |
| 108 | 358 | JH03V5586 | MV Tax | 22-Sep-2018 | HPV |
| 109 | 144 | JH03AA0798 | MV Tax | 27-Mar-2020 | LPV |
| 110 | 146 | JH03AA2325 | MV Tax | 26-Mar-2020 | LPV |
| 111 | 151 | JH03AA8890 | MV Tax | 25-Mar-2020 | HPV |
| 112 | 300 | JH03J1892 | MV Tax | 28-Dec-2013 | MPV |
| 113 | 327 | JH03N8213 | MV Tax | 05-Apr-2016 | MPV |
| 114 | 331 | JH03Q1812 | MV Tax | 27-Apr-2017 | HPV |
| 115 | 341 | JH03S1957 | MV Tax | 06-Feb-2018 | HPV |
| 116 | 347 | JH03S7964 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 117 | 348 | JH03S8106 | MV Tax | 16-Feb-2018 | MPV |
| 118 | 352 | JH03T9304 | MV Tax | 30-Mar-2018 | MPV |
| 119 | 369 | JH03Y4909 | MV Tax | 26-Jul-2019 | HPV |
| 120 | 373 | JH03Z3954 | MV Tax | 26-Oct-2019 | HPV |

PR 359485 District(25-26)D

विश्वासभाजन, जिला परिवहन पदाधिकारी,पलामू।

### सांसद वीडी राम के नेतृत्व में पलामू में तिरंगे की गूंज, बोले -

# "मोदी, शाह, राजनाथ के हाथों में देश पूरी तरह सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के भारत माता चौक बुधवार सुबह मानो देशभक्ति के समुद्र में बदल गया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा का नेतृत्व खुद पलामू के लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल (वी. डी.) राम कर रहे थे। उनके हाथ में ऊँचा लहराता तिरंगा, चेहरे पर गर्व और भीड़ में उत्साह, यही तस्वीर इस यात्रा की पहचान बन गई।



भारत माता चौक से रवाना हुआ तिरंगा काफिला जब शहर की गलियों, मोहल्लों और चौराहों से गुजर रहा था, तो "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से आसमान गूंज उठा। हर कदम पर लोग सांसद वी. डी. राम के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही थी, भीड़ और जोश दोनों बढ़ते जा रहे थे।

मौके पर सांसद वी. डी. राम ने कहा कि आज की यह यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर का विजय उत्सव है। तिरंगा हमारी आन-बान-शान है और देश की सुरक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों में पूरी तरह सुरक्षित है। आने वाले कुछ वर्षों में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया के सामने खड़ा होगा।

यात्रा में शामिल डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा- "तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर नागरिक में देश प्रेम की भावना को जगाना है।" वहीं प्रदेश महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक मनोज सिंह ने कहा - घर-घर तिरंगा अभियान, जो प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 में शुरू किया था, पूरे देश को एक सूत्र में बांध रहा है।

तिरंगा यात्रा के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता, नेता और नागरिक साथ थे—जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, अमलेश्वर दुबे, विभाकर नारायण पांडे, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, मंगल सिंह, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, ज्योति पांडे, विजय ठाकुर, अभिमन्यु तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, ओम प्रकाश पप्पू समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल रहे।

मेदिनीनगर से छह मुहान चौक तक शहर का हर कोना तिरंगे के रंग में रंग गया और हर चेहरे पर गर्व, जोश और एकता की चमक साफ झलक रही थी।

# "जमीन पर कब्जा व नौकरी की गुहार जनता दरबार में दर्द की लंबी फेहरिस्त"




● **डीसी समीरा एस का अफसरों को सख्त आदेश- "15 दिन में निपटाएं शिकायतें, वरना होगी कार्रवाई"**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुए जनता दरबार में लोगों की परेशानियां एक-एक कर सामने आईं -पांकी के तालकेश्वर साव ने बताया कि खरीदी हुई जमीन पर घर बनाने लगे तो गांव के ही 10–15 लोगों ने निर्माण रोक दिया और सीमांकन पिलर उखाड़ दिए; तरहसी के रिटायर्ड शिक्षक ने यात्रा अनुदान भुगतान की मांग रखी; सतबरवा की चमेली देवी ने पति की हत्या के बाद आर्थिक तंगी का हवाला देकर उनके स्थान पर नौकरी देने की गुहार लगाई; वहीं रेहला के अजीत कुमार पांडेय ने कहा कि आय प्रमाणपत्र न बनने से बेटी का आरटीई में दाखिला अटका हुआ है।

डीसी समीरा एस ने सभी शिकायतें सुनते ही मौके पर मौजूद अधिकारियों को 15 दिन में समाधान का आदेश दिया और चेतावनी दी कि बिना कारण काम लटकाने वाले अफसर-कर्मचारियों पर कार्रवाई तय है।

**नीलांबर-पीतांबरपुर अंचल पर सबसे ज्यादा शिकंजा**

जनता दरबार में सबसे ज्यादा शिकायतें नीलांबर-पीतांबरपुर अंचल से आईं- जमीन मापी, सीमांकन, अवैध कब्जा, म्यूटेशन में देरी और रजिस्टर में गड़बड़ी तक के मामले सामने आए। डीसी ने यहां के कर्मचारियों को कड़े शब्दों में कहा-"काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी, सुधारें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।" इसके अलावा भूमि विवाद, रास्ता अतिक्रमण, फर्जी आंगनबाड़ी चयन, अयोग्य लोगों को पीएम आवास, दाखिल-खारिज, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज की गईं।

## स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस लाईन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह



● **डीसी और एसपी ने परेड पूर्वाभ्यास का लिया जायजा, दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 को पलामू जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित होगा। सुबह 9:05 बजे मुख्य ध्वजारोहण किया जाएगा।

समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को जवानों का परेड पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। अंतिम दिन के पूर्वाभ्यास में उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और परेड से जुड़े कई बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए, ताकि मुख्य समारोह का संचालन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को समय पर उपस्थित रहने और सभी सुरक्षा व एहतियात के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

डीसी ने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित सभी जवानों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### डीसी ने डीईजीएस और ई-गवर्नेंस कार्यों की समीक्षा की

## आधार कार्य ठप, 5 प्रखंडों में जल्द शुरू करने का निर्देश, सभी पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर** । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को डीईजीएस, ई-ऑफिस, यूआईडीएआई, एनआईसी और आधार संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई।




सीएससी मैनेजर से निष्क्रिय सीएससी संचालकों के प्रशिक्षण आयोजन की स्थिति जानी गई। आधार जेनरेशन रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान पाया गया कि पांच प्रखंडों में आधार संबंधी कार्य पूरी तरह ठप है। उपायुक्त ने यूआईडी के जिला परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इन प्रखंडों में आधार नामांकन और अपडेट कार्य तुरंत शुरू कराएं। एनरोलमेंट और आधार अपडेशन कार्यों की भी प्रगति पर चर्चा हुई।

डीआईओ रणवीर सिंह ने बताया कि रामगढ़ प्रखंड में झारनेट स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। डीसी ने निर्देश दिया कि किसी भी पंचायत में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी नहीं होनी चाहिए और हर पंचायत में वीएलई की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। भारत नेट परियोजना की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि पंचायत भवनों में उपलब्ध कनेक्टिविटी का पूरा उपयोग किया जाए और रिचार्ज की नियमितता बनी रहे। उन्होंने कहा कि सीएससी केंद्रों से नागरिकों को सरल, सुलभ और पारदर्शी सेवाएं मिलनी चाहिए। झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी प्रकार के प्रमाण पत्र तय समय सीमा में निर्गत हों, इस पर विशेष बल दिया गया। बैठक में ई-ग्रंथालय, आईआरएडी समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज पांडेय, यूआईडी के डीपीओ समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को चंदन का पौधा भेंट किया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वनराखी मूवमेंट के प्रणेता और 'ट्री मैन' के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास पर मुलाकात की और कर्नाटक का चंदन का पौधा भेंट किया।

जापान के पांच दिवसीय दौरे से लौटे डॉ. कौशल ने मंत्री को बताया कि उनके अभियान पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट के 49वें वर्ष का शुभारंभ टोक्यो से वृक्षों पर राखी बांधकर और पौधा वितरण कर किया गया।

टोक्यो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का उद्घाटन करने और संबोधित करने का अवसर भी उन्हें मिला। इस दौरान जापान के डायरेक्टर किची नाकाजिमा और टोक्यो के चेयरमैन सराहा रिफंड ने उन्हें 74वां सम्मान – ट्री मैन ऑफ इंडिया अवार्ड – प्रदान किया।

मंत्री संजय सेठ ने उन्हें बधाई देते हुए अभियान को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सूरज कुमार जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## रक्तदान महादान है, साल में एक बार जरूर करें : डीआईजी

● **स्वतंत्रता दिवस पर आशी केयर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित, डीआईजी ने खुद किया रक्तदान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आशी केयर हॉस्पिटल, मेदिनीनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर अस्पताल निदेशक मनीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ही डीआईजी नौशाद आलम ने स्वयं एक यूनिट रक्तदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।



उन्होंने कहा- रक्तदान महादान है। हर स्वस्थ व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार रक्तदान करना चाहिए। गर्भवती महिला को समय पर रक्त मिलने से जच्चा और बच्चा, दोनों की जान बचाई जा सकती है। इसका मतलब है, एक बार रक्तदान से कम से कम दो जीवन बचते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ समय निकालकर किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य है। डीआईजी ने अस्पताल निदेशक और पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा-

आशी केयर हॉस्पिटल बहुत ही नेक कार्य कर रहा है। प्रशासन हमेशा जनता और अस्पताल प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। अस्पताल निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि रक्तदान न सिर्फ महादान है, बल्कि जीवनदान भी है। समय पर रक्त न मिलने से कई बार परिवार अपूरणीय क्षति झेलता है। उन्होंने सभी से साल में कम से कम एक बार रक्तदान करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

अस्पताल प्रबंधक डॉ. राहुल सिंह ने भरोसा दिलाया कि अस्पताल जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। मेडिकल अफसर डॉ. जयराम ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए अस्पताल हरसंभव सहयोग करता रहेगा। शिविर में कुल 11 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने भी सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर पूरा आशी केयर हॉस्पिटल परिवार मौजूद रहा।

## एसडीओ ने गिद्धौर प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज बुधवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी, अन्य रजिस्टर और चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद सभागार में बीपीआरओ के साथ नजरी नक्शा संबंधी बैठक में भाग लिया और बूथ से जुड़ी आवश्यक जानकारी अधिकारियों को दी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ राहुल देव, डीपीआरओ दिगम्बर पांडेय, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, उज्वल सिंह, चितरंजन शर्मा, लखन यादव समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।




# सातवें वेतन आयोग से रेलकर्मियों को बोनस देने की मांग

● **डालटनगंज में ईसीआरईयू ने मनाया ध्यानाकर्षण दिवस, सैकड़ों रेलकर्मी हुए शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लॉइज यूनियन (ईसीआरईयू) डालटनगंज शाखा ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर में ध्यानाकर्षण दिवस मनाया। इस मौके पर सैकड़ों रेलकर्मी मौजूद रहे और सरकार तथा रेल प्रशासन से अपनी मांगों पर ध्यान देने की अपील की।




शाखा सचिव सचिन ने कहा कि अब तक रेलकर्मियों को पुराने वेतनमान के अनुसार बोनस दिया जा रहा है, जबकि सातवें वेतन आयोग के अनुसार यह राशि 46,157 होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "सरकार और रेल प्रशासन को तुरंत बोनस भुगतान में संशोधन करना चाहिए, ताकि रेलकर्मियों के साथ न्याय हो।"

यूनियन के पदाधिकारी मनीष मिश्रा ने कहा कि महंगाई और न्यूनतम मजदूरी दोनों बढ़ी हैं, लेकिन बोनस वर्षों से वही पुराना है। उन्होंने इसे रेलकर्मियों के हितों के साथ अन्याय बताया।

**यूनियन ने ध्यानाकर्षण दिवस के दौरान कई अन्य प्रमुख मांगें भी रखीं—**

**सभी रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली**

**चारों श्रम कानूनों की वापसी**

**एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) की बहाली**

रेल कर्मचारियों ने "इंकलाब ज़िंदाबाद", "दुनिया के मजदूरों एक हो", "एनपीएस-यूपीएस वापस लो", "सातवें वेतन आयोग के अनुसार बोनस देना होगा" जैसे नारों से अपनी आवाज बुलंद की।

इस मौके पर जय प्रकाश पटेल, आलोक कुमार, नमंती सोसन कुजूर, अरविंद कुमार, जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सुधीर सागर, अमरजीत कुमार, दीप्तेश कांत, मुरारी कुमार, मुन्ना कुमार, विकास कुमार, सिकंदर राम, धनंजय कुमार कुशवाहा, बिनोद कुमार, विजय कुमार, संजय कुमार, सुदर्शन चौधर, अरुण कुमार, जय किशोर मिश्रा, देवव्रत कुमार, सोनू सिंह, आदित्य कुमार, श्रवण चौधरी, मुरली कुमार, अभय कुमार, सुनील कुमार, राज कुमार, रवि शंकर, संदीप कुमार, संजय राम, अमित कुमार, लक्ष्मण गिरी, डब्ल्यू कुमार, एसके सिन्हा, हरिहर प्रसाद, पवन कुमार, अली राजा, मोतीलाल, संजीव कुमार, शुंभ रजक, बीरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, रजत आर्या, गौरव कुमार, राजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## पिता की गला दबाकर हत्या करने वाले बेटे-बहू को उम्रकैद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (नवम) आभाष कुमार की अदालत ने बुधवार को एक सनसनीखेज हत्या कांड में बेटे और बहू को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला सदर थाना के कौड़िया तिनकोनिया निवासी वादी रामदेव पाल की शिकायत पर दर्ज हुआ था। वादी ने आरोप लगाया था कि उनके बड़े भाई राजदेव पाल और भाभी मंजू देवी ने मिलकर उनके पिता सागर महतो की गला दबाकर हत्या कर दी। वादी के आवेदन पर सदर थाना कांड संख्या 42/2024, धारा 302, 201/34 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने राजदेव पाल और मंजू देवी को दोषी करार देते हुए धारा 302 में आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



# न्यूज बॉक्स

## थाना दिवस में तीन आवेदन, एक का तुरंत निष्पादन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में बुधवार को आयोजित थाना दिवस में तीन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। दो मामलों की कार्रवाई जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी शिवा यादव ने की। अंचलाधिकारी ने बताया कि अब लोग थाना दिवस में अपनी समस्याएं लेकर आने लगे हैं, जिससे निपटान की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।

## बिरहोर परिवारों के बीच खाद्यान्न वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के जपुआ गांव में रहने वाले 17 बिरहोर परिवारों के बीच एमओ जॉन कुमार मरांडी और मो. सलमान के नेतृत्व में अगस्त माह का खाद्यान्न वितरण किया गया। पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 35 किलो अनाज दिया गया। वितरण के समय सभी लाभुक परिवार उपस्थित थे।

## दलित परिवार बरसात में खंडहर मकान में रहने को मजबूर

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत निवासी सीता राम भुइयां और उनकी पत्नी जर्जर मकान में मौत के साये में जीवन बिताने को विवश हैं। उनका कहना है कि बारिश से उनका मकान टूट गया, लेकिन अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने मदद नहीं की। आर्थिक तंगी के कारण वे नया मकान नहीं बना पा रहे हैं। सीता राम का आरोप है कि बिरसा आवास योजना का लाभ उन्हीं लोगों को मिलता है जो जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहते हैं, जबकि गरीब परिवार उपेक्षित रह जाते हैं। मकान न होने के कारण उनके तीनों बेटे रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं और बहुएं मायके में रह रही हैं। उन्होंने उपायुक्त से बिरसा आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित आवास में रह सके।

## भाजपा ने लातेहार में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**लातेहार।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में लातेहार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ थाना चौक स्थित कारगिल पार्क से हुआ, जहां शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। तिरंगा यात्रा कारगिल पार्क से मुख्य सड़क होते हुए समाहरणालय मोड़ तक पहुंची। इस दौरान वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और ध्वनि विस्तारक यंत्र से देशभक्ति गीत बजाए गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगे की आन, बान और शान के लिए समर्पण का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव उन स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का अवसर है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। मौके पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरस्वती विद्या मंदिर व गांधी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं बैंड दल के साथ शामिल हुए।

## चंदवा में भाजपा की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**चंदवा।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह के नेतृत्व में बुधवार को चंदवा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा की शुरुआत हाई स्कूल खेल स्टेडियम से हुई, जो मिशन स्कूल, मेन रोड, सुभाष चौक, बाईपास कंचन नगरी होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक पहुंची। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। राकेश दुबे ने कहा कि यह यात्रा शहीदों के सम्मान का प्रतीक है और सभी नागरिक अपने घरों पर तिरंगा लगाकर राष्ट्रगौरव में सहभागी बनें। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

### डीसी व एसपी ने स्वतंत्रता दिवस परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया

# समारोह स्थल की सजावट से लेकर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था तक दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों के तहत बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन, राष्ट्रगान और परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया।

पूर्वाभ्यास के दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट ने प्रतिभागियों का नेतृत्व किया और अधिकारियों ने सभी का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने मैदान की सजावट, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पेयजल, अग्निशमन, निर्बाध बिजली आपूर्ति और विधि-व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अपील की कि सभी लोग राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्ण और देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल में मनाएं तथा प्रशासन को सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक ने परेड व अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को निर्देश दिए।

विदित हो कि 15 अगस्त को सुबह 09:05 बजे जिला खेल स्टेडियम में झंडोतोलन होगा। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न



**चतरा।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। उपायुक्त कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण किया और जवानों को सलामी दी। परेड में एसएसबी, जिला पुलिस बल (पुरुष व महिला), और होमगार्ड टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद उपायुक्त ने झंडोतोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को साफ-सफाई, पेयजल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी जरूरी निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लातेहार के पंचायत मुखिया सुनेश्वर सिंह को दिल्ली समारोह में विशेष आमंत्रण

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस 2025 पर राजधानी दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में लातेहार जिले के गारू प्रखंड के पंचायत कार्रवाई के मुखिया सुनेश्वर सिंह को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह सम्मान उन्हें ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों, जनहित में सतत प्रयासों और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए मिला है। जिला प्रशासन ने इसे लातेहार के लिए गर्व का विषय बताते हुए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके प्रयास ग्रामीण विकास में नई ऊंचाइयां स्थापित करेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन की समय सारणी तय

# बैठक में सभी विभागों, संस्थानों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि हुए शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन कार्यक्रम को लेकर प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान और जिप सदस्य रमेश राम की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें समय सारणी निर्धारित की गई। बैठक में प्रखंड व अंचल कर्मी, गणमान्य नागरिक, सभी राजनीतिक दलों के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

निर्धारित समय सारणी के अनुसार— प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 08:30 बजे, पशुपालन विभाग 08:40, संकुल संगठन कार्यालय (सीएलएफ) 08:45, प्रिंस भारत गैस 08:50, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय 08:55, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 09:00, झारखंड राज्य आवासीय बालिका विद्यालय 09:05, राजद कार्यालय 09:10, पंचायत सचिवालय 09:15, जिला परिषद सदस्य कार्यालय 09:20, आजसू पार्टी कार्यालय 09:25, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय 09:30, सरस्वती शिशु मंदिर 09:35, वनांचल ग्रामीण बैंक 09:40, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 09:45, लैम्पस कार्यालय 09:50, परियोजना +2 उच्च विद्यालय बारियातू 10:00, सभी गैर सरकारी विद्यालय 10:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र नचना 10:10 और बारियातू थाना परिसर में 10:30 बजे झंडोतोलन होगा। मौके पर कई राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# जिला स्तरीय हॉकी कप प्रतियोगिता संपन्न



- **विजेता और उपविजेता टीमों को मिला कप, मेडल व प्रशस्ति पत्र**

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** जवाहर लाल नेहरू मैदान में जिला स्तरीय हॉकी कप प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, बीडीओ राहुल देव और सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल अध्यक्ष विजय जयसवाल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें अंडर-15 बालक वर्ग की 7, अंडर-17 बालक वर्ग की 8 और अंडर-17 बालिका वर्ग की 10 टीमों ने भाग लिया।

### परिणाम इस प्रकार रहे

**अंडर-15 बालक:** उत्क्रमित उच्च विद्यालय लेपो-सिमरिया (प्रथम), उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिंडारकोण गिद्धौर (द्वितीय), **अंडर-17 बालक:** उत्क्रमित उच्च विद्यालय लेपो-सिमरिया (प्रथम), गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर (द्वितीय), **अंडर-17 बालिका:** उत्क्रमित उच्च विद्यालय लेपो-सिमरिया (प्रथम), कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चतरा (द्वितीय), विजेता टीमों को कप, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## हेरहंज में स्वतंत्रता दिवस पूर्व निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में 35वीं ई-समवाय कंपनी के कमांडेंट संजीव कुमार के निर्देश पर बुधवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। इसमें कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर जयवीर सिंह और इंस्पेक्टर पार्थ घोष के नेतृत्व में सेकेंड-इन-कमांड डॉ. अनिल कुमार ने 94 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की। शिविर में टाइफाइड, मलेरिया, फंगल इंफेक्शन, अर्थराइटिस, वाइरल फीवर, जुकाम, बीपी सहित विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया। घुरे, हेरहंज, करनदाग, नवादा सहित कई गांवों के लोग लाभान्वित हुए। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, सुरक्षा बल जवान और ग्रामीण मौजूद थे।

# पीटीआर में विश्व हाथी दिवस पर महावत इमामुद्दीन सम्मानित

- **संरक्षण व जागरुकता कार्यक्रम में महावतों और हाथियों को मिला विशेष सम्मान**

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** विश्व हाथी दिवस पर मंगलवार को पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) प्रबंधन की ओर से कार्यरत महावतों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप (पलामू) और सुनेय फाउंडेशन (दिल्ली) की ओर से पीटीआर के पूर्व निदेशक पद्मश्री पीके सेन की स्मृति में सबसे वरिष्ठ महावत इमामुद्दीन को ₹श्रेष्ठ महावत सम्मान 2025₹ प्रदान किया गया। उन्हें 10,000 रुपये, अंगवस्त्र और उपहार दिए गए।

कुटमू स्थित आदिम जनजाति विद्यालय की छात्राओं को हाथियों के महत्व और संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। उत्तरी प्रखंड के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना ने कहा कि हाथी पीटीआर के जंगल की शान हैं और इनके बिना जंगल अधूरा है। हाथी-मानव संघर्ष को न्यूनतम रखने के प्रयास जारी हैं। मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने इमामुद्दीन को बेतला के वन्य जीवन का चलता-फिरता विश्वकोश बताया। इस अवसर पर महावत रघुनाथ परहिया, रामप्रसाद सिंह, जोहा मियां, सतेंद्र सिंह, नीरेंद्र भुइया और संजय यादव को भी सम्मानित किया गया। बेतला के पालतू हाथी जूही, मुर्गेश, सीता और राखी को फल खिलाकर उनका परिचय बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन वनकर्मी निरंजन कुमार ने किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में देशभक्ति गीत और नृत्य प्रतियोगिता

- **तीनों खंडों में छात्रों की शानदार प्रस्तुतियां, विजेताओं को सम्मान**

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को शिशु वाटिका, प्राथमिक और माध्यमिक खंड में विभाजित किया गया था। शिशु वाटिका में कक्षा अरुण ने प्रथम, प्रभात ने द्वितीय और उदय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक खंड में कक्षा 1 ने प्रथम, कक्षा 3 ने द्वितीय और कक्षा 4 ने तृतीय स्थान पाया। माध्यमिक खंड में कक्षा 9 की बहन ने प्रथम, कक्षा 9 की बहनों के पिरामिड प्रस्तुति ने द्वितीय और कक्षा 6 के नृत्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान होजाईसा ने किया और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक उपेंद्रनाथ दास की 18वीं पुण्यतिथि पर जनसभा, सांसद बोले – चतरा में जल्द बहेगी विकास की गंगा

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक स्व. उपेंद्रनाथ दास की 18वीं पुण्यतिथि पत्थलगड़ा मुख्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सुभाष चौक स्थित बाजार टांड़ में हुआ, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश दांगी और संचालन सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी ने किया। मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह ने घोषणा की कि ₹गया से चतरा रेलवे लाइन का निर्माण जल्द होगा, द्वारी में रेलवे जंक्शन बनेगा, हंटरगंज बाईपास और चंदवा फ्लाईओवर तैयार होगा, साथ ही मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी होगा। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने अपने पिता की राजनीतिक यात्रा और जनसेवा के योगदान को याद किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व विधायक योगेंद्रनाथ बैठा, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।


## समाहरणालय, लातेहार। (भू–अर्जन शाखा)

### सूचना

परियोजना–राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडु से उदयपुरा सेक्शन के अन्तर्गत *Design Ch.59.00* से *Ch.-97.600* तक चार लेन सड़क निर्माण में अंचल–चंदवा के अर्जित भूमि के रैयतों के मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पास बुक, शपथ पत्र, वंशावली प्रमाण पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो एवं नोटिस की मूल प्रति के साथ आयोजित शिविर में उपस्थित होकर मुआवजा भुगतान हेतु राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करें।

शिविर की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | शिविर की तिथि | समय | शिविर का स्थल | परियोजना का नाम | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19.08.2025 दिन–मंगलवार | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहण तक | अंचल कार्यालय, चंदवा | राष्ट्रीय राजमार्ग क–75 मार्ग के (पैकेज–I) कुडु से उदयपुरा सेक्षन के अन्तर्गत *Design Ch.59.00* से *Ch.-97.600* तक चार लेन सड़क निर्माण | 1. सेन्हा 2. पीरदाग 3. अमझरीया 4. हुटाप 5. बोरसीदाग 6. लुकुईया 7. चीरो |
| 2. | 20.08.2025 दिन–बुधवार | 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहण तक | अंचल कार्यालय, चंदवा | | 1. टुढ़ामू 2. रूद 3. लटदाग 4. नावाडीह 5. सासंग 6. एटे 7. सिकनी |

ह0/–

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार।

PR 359470 (Land Reforms) 25-26 (D)



## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा
पता-ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड
थाना+जिला-चतरा, पिन-825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com, Phone No.- 06541-296111

### आवश्यक–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025 एवं ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में दिए गए निदेशानुसार झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8, पारा/गैर पारा कोटि, विषय–गणित एवं विज्ञान शिक्षक) के कुल–78 सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 11.08.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, चतरा में की गयी। उक्त काउसिलिंग में कुल 74 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा कुल 04 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उक्त अनुपस्थित रहे 04 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से अवसर देते हुए पुनः दिनांक 14.08.2025 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, चतरा में काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि को भी काउसिलिंग हेतु अनुपस्थित रहने पर इन अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग के संबंध में बाद में कोई विचार नहीं किया जायेगा। काउंसिलिंग हेतु विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये जाँच–पत्रक जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उक्त काउंसिलिंग कार्य उपायुक्त, चतरा के द्वारा नामित नोडल पदाधिकारी– अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया के निगरानी में संपन्न किया जायेगा।

1. संबंधित अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु तैयार जाँच–पत्रक (जो अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं भरकर काउंसिलिंग के समय जाँच दल को समर्पित करना है) को अपने हस्तलिपी में भरकर (जहाँ विहित हो, छोड़कर हिन्दी अथवा English में भरें) तथा आवेदन के समय संलग्न किए गए अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण–पत्र यथा शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं संबंधित अन्य प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति तथा चार पासपोर्ट साईज का Black & White फोटो (एक स्वअभिप्रमाणित फोटो जाँच–पत्रक पर चिपकायें एवं तीन अतिरिक्त प्रतियां संलग्न करें) फोल्डर फाईल (दो प्रति) में काउंसिलिंग के समय उपलब्ध करायेंगे।
2. संबंधित अभ्यर्थी फोल्डर फाईल के उपरी भाग में साफ–साफ बड़े अक्षरों में अपना नाम, पिता का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, कोटि, विषय एवं मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करेंगे।
3. संबंधित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें, तो कार्यालय में गठित हेल्पलाईन प्रकोष्ठ के कर्मी जिनका मोबाईल संख्या–7004065049 एवं 9973708001 है, पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 11.08.2025 को काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे निम्नांकित अभ्यर्थियों की सूची, जिन्हें दिनांक 14.08.2025 को पुनः काउंसिलिंग में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

| Original List SL.No | Post Name | Merit | Registration Number | Candidate Name | Father's Name | Date of Birth | Gender | Local Resident of Jharkhand | Reservation Category | Type of PH | Percentage of Marks Normalised Marks (Paper 2+ | Recommendation Detalls: Para/ Non Para | Category | District |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 34 | Maths & Science Teacher | 1128 | 127829806 | SHAMA AKHTARI | MD MUSLIM | 18-07-1985 | Female | yes | EBC-I | | 66.11427613 | NON PARA | UR | CHATRA |
| 41 | Maths & Science Teacher | 1270 | 142897833 | JITENDRA KUMAR | LATE LALIT KUMAR | 22-10-1985 | Male | yes | EBC-I | | 64.13017537 | NON PARA | UR | CHATRA |
| 59 | Maths & Science Teacher | 1436 | 152139685 | AJIT KUMAR MEHTA | BASANT KUMAR MEHTA | 21-08-1982 | Male | yes | BC-II | | 61.55955683 | NON PARA | BC-II | CHATRA |
| 70 | Maths & Science Teacher | 1652 | 119405897 | ANGIKA | ARBIND KUMAR | 08-12-1980 | Female | yes | BC-II | | 58.50146583 | NON PARA | BC-II | CHATRA |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,चतरा

PR 359495 School Education and Literacy(25-26).D



## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar

### Very short e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 141/PR/JBVNL /2025-26 | Re-construction of fallen and leaned portion of boundary wall and Construction of Cable Trench at 33/11 KV PSS Redma, Daltonganj under Electric Supply Circle, Daltonganj.. | 912300.00 | 18300.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) = 1475.00 | 04 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 14.08.2025 3:00 PM to 27.08.2025 at 2:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 27.08.2025 at 2:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 28.08.2025 at 2:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
ESA, Medininagar

PR 359544 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)

## आंख जांच कर मुफ्त दवा और चश्मा दिया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा अलौदी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय हेसवे में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर विद्यालय के 114 छात्र छात्राओं का आंख जांच किया गया। वही डॉक्टर शशिकांत कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया.कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष,आंख से पानी आना,पढ़ाई के समय बच्चे बच्चियों को धुंधलापन दिखाई देना तथा आंख में जलन होना सहित अन्य तरह की बीमारियों का जांच किया गया। जांच के पश्चात छात्र छात्रओं को निःशुल्क दवा गया. वैसे विद्यार्थियों को जिन्हें चश्मा की आवश्यकता होगी तो उन्हें चश्मा देने की बात कही गई. आंख का बचाव के लिये जागरूक करते हुए गाजर,दूध,फल,अंडा और हरा साग सब्जी खाने के लिये तथा गुलाब जल आंख को धोने के लिये परामर्श दिया गया। वही अंधापन से रोक थाम की दिशा में सार्थक पहल किया जा रहा है.मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पेसा कानून के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पेशा कानून के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को प्रथम दिन जन प्रतिनिधि व स्वयं सेवकों को पेशा कानून का प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी,पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम,सफरुद्दीन अंसारी मुखिया कमला देवी,बसंती देवी,राजश्री उरांव,शोभा देवी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ किया गया.वही प्रशिक्षक धनंजय प्रजापति द्वारा पेशा कानून के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि लोहरदगा जिला अनुसूचित जन जाति बाहुल जिला है.जिस निमित जानकारी देते हुए बताया की पेशा कानून के तहत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है.जिसे सभी जन प्रतिनिधियों और आम नागरिक को कानून की पूरी जानकारी होनी चाहिये.वही प्रशिक्षक के द्वारा पेशा कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सुजीत उरांव, विजेता मिश्रा,गोपाल उरांव,अनिल उरांव,द्रौपदी देवी,सुमी उराइन,रोहित उरांव,रामावतार उरांव समेत सैकड़ो जन प्रतिनिधि व स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## जहरीले सांप के काटने से युवक की मौत

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरजा गांव में बुधवार देर रात जहरीले सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गरजा निवासी मुकेश नायक के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, मुकेश घर में सो रहा था, तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। परिजन उसे राउरकेला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।शव को वापस सदर अस्पताल लाया गया, जहां अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# उपायुक्त ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल, महिला पुलिस बटालियन, एनसीसी की तीनों विंग, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां और एमबी डीएवी के छात्र शामिल हुए। परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा ड्रिल और कराटे का प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता दिवस -2025 के दिन सुबह 7.45 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 8 बजे से 8-45 बजे तक किया जाएगा। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उपायुक्त लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.40 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.20 बजे किया जाएगा। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.55 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। अनुमण्डल कार्यालय लोहरदगा में सुबह 11.00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

मुख्य समारोह के सफल आयोजन हेतु उपायुक्त द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की होंगीं मुख्य अतिथि

बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पी नेहा तिर्की, माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ध्वजारोहण सुबह 9.05 बजे किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.50 में होगा। मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात चयनित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ड्रिल डिस्प्ले और कराटे की कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके उपरांत पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।

### डीसी ने की समाज कल्याण की बैठक

**लोहरदगा।** डॉ ताराचंद ने समाज कल्याण की बैठक की जिसमें सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पयवेक्षिका को नियमित रूप से अपने-अपने पोषक क्षेत्र अवस्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने व कमियों में सुधार लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में इंडीकेटर्स की स्थिति अच्छी नहीं है उनकी सूची बना लें और उनका भ्रमण कर उसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। आंगनवाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें। जो बच्चे वहां रजिस्टर्ड हैं उनसे संबंधित पंजी संधारित की जाए। उन बच्चों का नियमित रूप से लंबाई व वजन का माप लिया जाए। आंगनवाड़ी केंद्र में सुधार हेतु संबंधित सेविका, सहायिका को स्पष्ट निर्देश दें। जहां सेविका व सहायिका के पद रिक्त हैं उन्हें भरे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## विशेष चेकिंग अभियान में 37 वाहनों से 1.20 लाख रुपये का जुर्माना वसूला



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के आदेशानुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीन/एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज सी. शंकर मार्डी तथा सी. सुधीर सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। व्यस्त चौराहों और मुख्य मार्गों पर वाहनों के दस्तावेज़, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग, ओवरलोडिंग तथा नशे में ड्राइविंग जैसी प्रमुख बिंदुओं की गहन जांच की गई।

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 37 वाहनों से लगभग 1,20,000 (एक लाख बीस हजार) का जुर्माना वसूला गया। टीम ने मौके पर ही चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, गति सीमा का सम्मान करने और मोबाइल फ़ोन का प्रयोग न करने जैसी आवश्यक हिदायतें दीं। जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू ने कहा, "सड़क सुरक्षा हम सबकी साझी ज़िम्मेदारी है। नियमों का पालन करके हम अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।" प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि लोहरदगा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ बने। हेलमेट/सीट बेल्ट ज़रूर लगाएं, निर्धारित गति से चलें, नशे में वाहन न चलाएं, और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें—"परिवार आपका इंतज़ार करता है।"

## वन विभाग ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों के बीच टॉर्च व सामग्री बांटी



**बानो ।** बेड़ाइरगी पंचायत के बुरुइरगी गांव में बुधवार को वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के बीच टॉर्च, जुट बोरा और हाथी भगाने की सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम बानो वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार, झामुमो सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद और वनकर्मियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस दौरान ग्रामीणों को हाथियों से बचाव और आपात स्थिति में सतर्क रहने के उपाय बताए गए। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखें, उकसावे से बचें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने बताया कि हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।वन विभाग ने हेलगढ़ा दिशा के ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की अपील की, क्योंकि झुंड उसी ओर बढ़ चुका है।


कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा
(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना

PR No.- 358870

शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | संशोधित निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 06.09.2025 |
| 2. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 15.09.2025 |

ह0/–

PR 359551 Lohardaga(25-26).D जिला कल्याण पदाधिकारी,लोहरदगा


## भाजपा ने निकाली कैरो में तिरंगा यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** बुधवार को कैरो प्रखंड भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रखंड के सढाबे पंचायत मुख्यालय में पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय सढाबे से बक्सी मोड़ वीर कुंवर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो,जिला भाजपा उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन उरांव,इत्यादि वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में स्वतंत्रता दिवस अमर रहे,भारत माता की जय, बीर बिरसा मुंडा, सुबास चंद्र बोस इत्यादि महापुरुषों की जयकारे लगाए गए। यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि 140 करोड़ देश वासियों के लिए तिरंगा आन, बान और शान का प्रतीक है,तिरंगे पर हर भारतीय को गर्व। यात्रा के पश्चात सभी मंडल भाजपाइयों ने कैरो मुख्यालय पहुंचकर महापुरुषों के स्टेच्यू स्थल पहुंचकर परिसर एवम स्टेच्यू को साफ सफाई की तत्पश्चात महापुरुषों को नमन करते हुए माल्यार्पण की गई। इस मौके पर कैरो प्रखंड मुख्यालय के मुख्य सड़क के पास के सभी मकान मालिको को भाजपा के द्वारा तिरंगा झंडा मुहैया कराते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने का अनुरोध किया गया।

## लोहरदगा में भाजपा की 'हर घर तिरंगा' यात्रा, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने दी महापुरुषों को श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। बीजेपी युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में यह यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवाटोली चौक, ईस्ट गोला रोड, महावीर चौक, गुदरी बाजार, सोमवार बाजार, अमला टोली, पावर गंज होते हुए न्यू रोड तक निकाली गई। मार्ग में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुदर्शन भगत मौजूद थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुदर्शन भगत ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति का संदेश देने का माध्यम है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगों में जोश और उत्साह है, और पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देशवासियों का हौसला और बढ़ाया है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विजय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह देश की सैन्य शक्ति और कुशल नेतृत्व का प्रतीक है, साथ ही हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सैनिकों के सम्मान में और देश के गौरव के लिए तिरंगा लहराए। यात्रा में मंजूरमति विद्यालय के छात्र तिरंगा झंडा लेकर शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, विनोद राय, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, सरिता देवी, अजय कुमार पंकज, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, पशुपतिनाथ पारस, जगनंदन पौराणिक, मिथुन तमेड़ा, लक्ष्मी नारायण भगत, सुरेश लोहरा, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अशोक चंद्र घोष, विपुल तमेड़ा, विश्वजीत भारती, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान, बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, प्रवीण कुमार, अमरेश भारती, सरस्वती देवी, सचिन सिंघानिया, कृष्ण मोदी, टीपू खान, सरजू साहू, आदित्य कुमार, बृजनंदन गोप, मयंक ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, पवन कुमार, अनुभव कुमार, सचिन कुमार सिंह, गौरव अग्रवाल, प्रवीण साहू, राज कुमार, नीरज साहू, अजय कुमार, राहुल कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए।


OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office, Latehar, 829206
Email: Website: www.latehar.nic.in

Request for Proposal (RFP)
FOR
SELECTION OF AGENCY FOR SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" ATKGBV GARU RESIDENTIAL SCHOOL OFDISTRICT LATEHAR
Fact Sheet

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" atKGBV Garu Residential School,Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 13 /08/2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 27/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 29 /08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 29 /08/ 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD)online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakhrupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** -The eligibility criteria documents as per Annexture -A, Bid Fee & EMD submitted by thebidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:**-Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer, Latehar

PR.NO.359477 Planning and Development(25-26):D


## तीन पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा योजना व ग्राम सभा सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के तत्वावधान में ठेठईटांगर प्रखंड के तीन पंचायत—मेरोमडेगा, ठेठईटांगर और घुटबहार—में स्थानीय स्वशासन सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत पंचायत सचिवालय सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में ग्राम सभा नेतृत्वकर्ता, महिला समूह नेतृत्वकर्ता, पीआरआई सदस्य, पंचायत मुखिया, ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य शामिल हुए। प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत में संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रावधान, पात्रता मानदंड और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।वक्ताओं ने ग्राम सभा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम सभा वंचित परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत महिला सभा और बाल सभा की भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

## बानो थाना के आरक्षी पियुष होरो को मिला 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता और सकारात्मक सोच रखने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार योजना की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत प्रत्येक सप्ताह आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिसकर्मियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित पुलिसकर्मी की तस्वीर संबंधित थाना, ओपी या प्रतिष्ठान के सूचना पट पर पूरे सप्ताह प्रदर्शित की जाएगी।इस कड़ी में बुधवार को बानो थाना में प्रतिनियुक्त आरक्षी (899) पियुष होरो को माह अगस्त 2025 के द्वितीय सप्ताह के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पियुष होरो को यह सम्मान उनके बेहतरीन टर्न आउट, कर्त्तव्य निष्ठा और नैतिक सोच के लिए प्रदान किया गया।

## बोलबा में एक दिवसीय पंचायती राज उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को एक दिवसीय पंचायती राज उन्नति सूचकांक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम उप विकास आयुक्त सिमडेगा के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय स्तर पर संपन्न हुआ।कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद ने कहा कि यदि हर कोई अपने हिस्से का काम ईमानदारी से करे, तो बोलबा उन्नत प्रखंड बन सकता है। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास के नौ प्रमुख पैरामीटर हैं—गरीबी मुक्त पंचायत, स्वास्थ्य पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सुशासन पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, महिला हितैषी पंचायत आदि। इन कार्यों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि मिलकर आगे बढ़ाते हैं, जिससे पंचायत का समग्र विकास होता है।बीडीओ ने महिला सभा आयोजित करने तथा समाज में फैली कुरीतियों—जैसे दहेज प्रथा, डायन प्रथा और बाल विवाह—को समाप्त करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक समन्वयक, सभी मुखिया, पंचायत सचिव, सीएचओ, बीआरपी, सीआरपी, पंचायत सहायक, जल सहिया, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, प्रधानाध्यापक, वीईएलएस, सीएसओ, कृषि मित्र, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, ग्राम रोजगार सेवक, ऊर्जा मित्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office, Latehar, 829206
Email: Website: www.latehar.nic.in

Request for Proposal (RFP)
FOR
SELECTION OF AGENCY FORSUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" ATKGBV LATEHAR RESIDENTIALSCHOOLOFDISTRICT LATEHAR.
Fact Sheet

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" atKGBV Latehar Residential School,Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 13 /08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 27/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 29 /08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 29 /08/ 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakhrupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** - The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:** - Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

Note:
1.The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2.Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer, Latehar

PR 359476 (Planning and Development)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

## संपादकीय

## टैरिफ का जवाब निर्यात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। गौरतलब है कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों और आनुवांशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों के लिए बाजार पहुंच पर मतभेद के चलते भारत और अमेरिका के बीच एक अगस्त की निर्धारित समय-सीमा में अंतरिम व्यापार समझौता नहीं हो पाया। नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी शुल्क (टैरिफ) लागू कर दिया और रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने का आदेश जारी कर दिया। भारत अब ब्राजील के साथ सर्वाधिक 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन गया है, जबकि भारत के निर्यात प्रतिस्पर्धी एशियाई देशों पर भी कम टैरिफ लगा है। ऐसे में जहां चालू वित्त वर्ष में भारत के लिए 900 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात के लक्ष्य को पाना मुश्किल है, वहीं देश की अनुमानित विकास दर के घटकर छह फीसदी पर पहुंचने की चुनौती भी बढ़ गई है। इसलिए टैरिफ चुनौती का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति के तहत किसानों और निर्यातकों को सब्सिडी देने, घरेलू खपत को बढ़ाने, एमएसएमई की मजबूती, स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं मुक्त व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ना होगा। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच कारोबार में तेजी आने की संभावनाएं दिखाई दे रही थीं, जो अब धूमिल हो गई हैं। भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में रियायत नहीं देने की दृढ़ता दिखाई है, जिसके कारण दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिका ने उच्च टैरिफ का एलान किया है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात प्रधान नहीं है, फिर भी अब उसे वैश्विक व्यापार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जिसमें भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा। उच्च टैरिफ से भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। मसलन, ऑटो कंपोनेंट बनाने वाली कंपनियां, टेक्सटाइल्स, धातु और फार्मा कंपनियों पर टैरिफ का असर देखने को मिल सकता है। उच्च टैरिफ से विकास दर और निर्यात घटने की चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार ने रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना शुरू किया है। नई रणनीति के तहत वाणिज्य मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें की हैं, ताकि उच्च शुल्क के कारण होने वाली समस्याओं को समझकर उन्हें राहत दी जा सके। निर्यातक सरकार से वित्तीय सहायता, किफायती ऋण, ब्याज सब्सिडी चाहते हैं। वे बकाया राशि का समय पर भुगतान और राजकोषीय प्रोत्साहनों के विस्तार की जरूरत महसूस कर रहे हैं। अब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और बहिर्मुखी बनाना होगा। भारत द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर हो गए हैं। भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्तूबर से लागू हो जाएगा।

*ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच कारोबार में तेजी आने की संभावनाएं दिखाई दे रही थीं, जो अब धूमिल हो गई हैं।*

# मुनीर की परमाणु धमकी में छुपा हुआ है ट्रंप के टोटके का राज



अमेरिकी दौरे पर गए पाकिस्तानी जनरल असीम मुनीर ने फिर से परमाणु हमले की धमकी दी है। अमेरिका की धरती से मुनीर की यह धमकी तब सामने आई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा अपने ही देश के इलेक्ट्रोल सिस्टम को लेकर सवाल उठाया जा रहा है। यह सबकुछ कोई संयोग भर नहीं है क्योंकि मुनीर की यह धमकी और ट्रम्प का ट्वीट तब सामने आया है जब भारत का विपक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत के चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किए जा रहे हैं। टाईमिंग देखिए कि अमेरिका की धरती से एक पाकिस्तानी जेनरल एटम बम की धमकी दे रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति "ड्रग कार्टेल" पर चुनावी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ट्वीट कर रहा है और प्रतिपक्ष वोटर लिस्ट, वोटिंग मशीन व वोट चोरी को लेकर सवाल खड़े किए जा रहा है। संदेश साफ है कि जब अमेरिका में उच्चतम स्तर पर चुनावी गड़बड़ी संभव है तो भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? अमेरिकी फितरत यह कि अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले भारत की बारी है! याद कीजिए जब इसी अमेरिका ने कभी परमाणु बम व रासायनिक हथियारों का प्रोपेगंडा खड़ा करते हुए सद्दाम हुसैन को बेवजह बलि का बकरा बना दिया तो इलेक्ट्रोरल प्रोपेगंडा के बहाने बांग्लादेश की शेख हसीना को तख्तापलट का शिकार बना दिया गया। गनीमत मानिए कि भारत को अमेरिका के इन हरकतों का पूरा पूरा अहसास है तभी तो भारत के प्रधानमंत्री श्री मोदी के वक्तव्य "मुझे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी" को कोरा गप्प न मानकर आने वाले खतरे से सावधान रहने का संकेत माना जा रहा है। भारत को यह भी बखूबी पता है कि यह वही अमेरिका है जिसे न भारत से बीस लाख करोड़ रुपए कर्ज लेते वक्त कोई परेशानी हुई, न विगत ग्यारह वर्षों से अमेरिका से वसूले जा रहे भारतीय शुल्क से कोई परेशानी थी, न भारत को डेड इकोनॉमी कहने में कोई शर्म आई और न विगत दो वर्षों तक रूसी तेल के आयात पर कोई आपत्ति थी। अब जबकि "हाउडी मोदी" का राग अलापने वाले ट्रम्प को रूसी तेल के कारोबार में "ब्लड मनी" नजर आ रहा है तो सवाल यह उठ रहे हैं कि यह सबकुछ कहीं "ऑपरेशन सिंदूर" से पैदा हुए भय का परिणाम तो नहीं है? यह बात सही भी है क्योंकि वन चाईल्ड की नीति के कारण चीन की आबादी बिगड़ चुकी है, उसके भविष्य पर बुढ़ापे का खतरा मंडरा रहा है, इकॉनोमी स्थिर हो चुकी है और अमेरिकी थिंक टैंक इस तरफ से निश्चिंत हैं।



आज की बात



केदारनाथ दास

दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर है जिसने न केवल पाकिस्तान के कई एयर बेस को तबाह कर दिया बल्कि भारत के वर्ल्ड क्लास मिलिटरी क्षमता को विश्व पटल पर स्थापित करने का कारनामा भी कर दिखाया। सैन्य ताकत, रणनीतिक तैयारियों और आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक के कारण अब भारत को नये सुपर पावर के तौर पर देखा जा रहा है और अमेरिका के डीप स्टेट को भी यह चिंता सता रही है कि आने वाले समय में उसके वर्चस्व को यदि कोई चुनौती दे सकता है तो वह भारत ही होगा।

भारतीय वायुसेना और नौसेना के हाइटेक एयर डिफेंस, आत्मनिर्भर मिसाइलों, सटीक सैटेलाइट निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर की अविश्वसनीय क्षमता से अमेरिका सहित पूरा विश्व हैरान है तो चुनौति की इस कुंठा से वॉशिंगटन हताश व निराश है। इस कुंठा परिणाम सामने है जब वह पाकिस्तान को भड़काने, भारत के भीतर अव्यवस्था फैलाने और नेतृत्व परिवर्तन की साजिश जैसी ओछी हरकतों पर उतर आया है। बहरहाल इन हरकतों से भारत बेखबर नहीं है। उसे यह बखूबी पता है कि वह विश्व का सबसे बड़ा बाजार है और कृषि सहित कुछ अन्य क्षेत्रों के लिए दरवाजा खोलते ही अमेरिका से पुनः 'हाउडी मोदी' की आवाज भी आने लगेगी। इसी तरह भारत यह भी जानता है कि आज का भारत खुद में एक सुपर पावर है, ट्रम्प के तमाम टोटकों के बावजूद भारत का बजरंगी अपना रंग दिखाने में पूरी तरह सक्षम भी है और देश एक भरोसेमंद नेतृत्व के पास महफूज है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## इग्नू में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में डिप्लोमा

आज के वैश्विक परिदृश्य में शिक्षकों के पेशेवर विकास, बेहतर कक्षा प्रबंधन तथा नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से इग्नू कई कार्यक्रम चला रही जिनकों पूरा कर अध्यापन कौशल को विकसित कर शिक्षण के क्षेत्र में कैरियर का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। स्थापना के समय से ही इग्नू शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है। 1987 में इग्नू की शुरूआत मैनेजमेंट तथा बी.एड. कार्यक्रम से हुई थी जिसका कारण शिक्षण क्षेत्र में बदलते जरूरतों के अनुसार कौशल की जरूरत रहीं। इग्नू के शिक्षण संबंधी कार्यक्रमों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में डिप्लोमा (डीईसीई), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हायर एडुकेशन (पीजीडीएचई), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडुकेशन टेक्नोलॉजी (पीजीडीईटी), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्कूल लीडरशिप मैनेजमेंट (पीजीडीएसएलएम), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडुकेशनल मैनेजमेंट व एडमिनिट्रेशन (पीजीडीईएमए). डिप्लोमा इन वैल्यू एडुकेशन (डीवीई), सर्टिफिकेट इन काउंसेलिंग (सीआईजी), सर्टिफिकेट इन टीचिंग इन इंगलिश (सीटीई) व सर्टिफिकेट इन टीचिंग प्राइमरी मैथेमैटिक्स, स्नातकोत्त कार्यक्रमों में एम. ए. एडुकेशन (एमएईडीयू), एम.ए. इन एडल्ट एडुकेशन (एमएएई), कार्यक्रम उपलब्ध किए जा रहे हैं। बीएड के साथ एमए इन एडुकेशन का अभ्यर्थी शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में व्याख्याता पद के लिए अर्हता प्राप्त कर दूरस्थ शिक्षण संस्था में एमएडीई कैरियर का विकल्प प्रदान करता है। एमएएई द्वारा प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान तथा शिक्षण के विकल्प प्राप्त होते हैं। पीजीडीएचई कार्यक्रम 2 उन्मुखीकरण कोर्स के बराबर मान्य है और उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों से अवगत कराने के साथ प्रैक्टिक्ल कुशलता प्रदान करता है। विद्यालय में बेहतर प्रबंधक तथा कुशल प्रशासक बनने की दिशा में पी.जी. डिप्लोमा (पीजीडीईएमए) तथा (पीजीडीएसएलएम) बेहतर नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान करता है। पीजीडीईटी शिक्षण प्रशिक्षण में मीडिया टेक्नोलॉजी के बेहतर प्रयोग तथा नई तकनीकी के बारे में जानकारी प्रदान करता है। वहीं मूल्य आधारित शिक्षण में डिप्लोमा शिक्षा द्वारा मानवोचित सांस्कृतिक, प्रजातांत्रिक मूल्यों की सीख प्रदान करके संवेदनशील बनने की प्रेरणा प्रदान करता है। सीआईजी एक बेहतर परामर्शदाता बनने, सीटीपीएम गणित बेहतर ढंग से पढ़ाने तथा सीटीई अंग्रेजी पढ़ाने के लिए व कौशल प्रदान करते हैं। ये सर्टिफिकेट कार्यक्रम छह महीने के कार्यक्रम हैं। यूजीसी के 2022 वर्ष में निर्गत अधिसूचना के अनुसार दो डिग्रियाँ साथ में की जा सकती है। यदि कोई दूसरे विश्वविद्यालय से रेगुलर विषय का अध्ययन कर रहा हो तो इग्नू से साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा मोड में दूसरी डिग्री की पढ़ाई कर सकता है। इन सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित। इच्छुक इसके वेबसाइट द्वारा www.ignou.ac.in द्वारा आवेदन कर सकते हैं।

व्यंग्य की बात




अरविन्द मनोज कुमार सिंह

## जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं सामाजिक एकता व सांस्कृतिक समृद्धि का है पर्व

श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार,यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। तिथि प्रारंभ होगी 15 अगस्त की रात्रि 11:48 बजे और समाप्त होगी 16 अगस्त की रात्रि 10:15 बजे तक। अतः 16 अगस्त की मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाना अधिक शास्त्रसम्मत माना गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण के पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है। द्वापर युग में जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार, पाप और अन्याय चरम पर था, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। उनका जन्म कंस के कारागार में, रात्रि के अंधकार में हुआ, जो यह दर्शाता है कि जब-जब अंधकार (अन्याय) बढ़ेगा, ईश्वर स्वयं धरती पर अवतरित होंगे श्रीकृष्ण का जीवन मात्र लीलामय न था, अपितु संपूर्ण मानवता के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ भी था। बाल्यकाल में माखनचोरी, ग्वाल-बालों के संग लीला, कंस-वध, रासलीला, अर्जुन को गीता का उपदेश-ये सभी घटनाएं आज भी धर्म, प्रेम, कर्म और ज्ञान के प्रतीक हैं।जन्माष्टमी के दिन भक्त व्रत रखते हैं और दिनभर उपवास करते हैं। घरों, मंदिरों एवं कृष्ण मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जाता है। झांकियां, झूले, रासलीला का आयोजन किया जाता है।मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रतीकात्मक रूप से अभिषेक, श्रृंगार और आरती की जाती है। भोग में माखन, मिश्री, फल, पंचामृत और 56 प्रकार के व्यंजन चढ़ाए जाते हैं। भक्त हरे कृष्णा महामंत्र, भजन और कीर्तन करते हैं। कई स्थानों पर दही-हांडी प्रतियोगिताएं भी होती हैं जो श्रीकृष्ण के बालरूप की झलक प्रस्तुत करती हैं। भारत में ही नहीं,विदेशों में भी जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। वृंदावन, मथुरा, द्वारका, और इस्कॉन मंदिरों में लाखों भक्त एकत्र होकर भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक उत्सव का भी प्रतीक है। श्रीकृष्ण का गीता उपदेश-कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन-आज भी मानव जाति के लिए पथ-प्रदर्शक बना हुआ है। श्रीकृष्ण केवल एक देवता नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण शैली हैं। उनकी लीलाएं हमें सिखाती हैं कि कैसे धर्म, प्रेम, मित्रता, राजनीति, युद्ध और जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन बनाए रखा जाए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का पर्व है। इस दिन हम यह संकल्प लें कि जीवन में सत्य, प्रेम, न्याय और कर्म को अपनाकर हम श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



संजय सर्राफ

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को, धर्म, भक्ति व आनंद का पर्व**



फेसबुक वॉल से




एक्स से




### आज का दोहा

प्रश्न खुदी से, मांगते, उत्तर खुद से आप।
आत्मबोध की यह कथा, क्यों लगती अभिशाप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444


**संपादक**

## जल, जंगल व जमीन : आदिवासियों की लड़ाई या सियासी एजेंडा?

सुबह की पहली किरणें साल के पत्तों पर पड़ी थीं, हवा में महुआ के फूलों की खुशबू घुली थी लेकिन इन जंगलों की खामोशी में एक चीख दब गई है-वो चीख, जो हंसदेव से नीलगिरी तक और झारखंड के सारंडा की घाटियों तक गूंज रही है। कुछ जड़ें मिट्टी में नहीं, इंसानों के दिलों में उगती हैं-जैसे आदिवासियों के दिल में जल, जंगल और ज़मीन। ये सिर्फ़ संसाधन नहीं, बल्कि उनकी सांसों की लय, उनकी संस्कृति की गहराई और उनके अस्तित्व की धड़कन हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी उन्होंने इन जंगलों की छांव में जीना सीखा, नदियों की गोद में खेला और ज़मीन की गोद में अपना पसीना बहाया। लेकिन जब इन पर पहरे लग गए-कभी अंग्रेज़ी हुकूमत के 'फ़ॉरेस्ट लॉ' के नाम पर, तो कभी आज़ादी के बाद विकास के नाम पर-तब से यह संघर्ष जारी है। जल, जंगल और ज़मीन-ये तीन शब्द मात्र नहीं, बल्कि आदिवासी जीवन की सांस, उनकी संस्कृति की जड़ें और उनके अस्तित्व की धड़कन हैं। सदियों से आदिवासी समाज इन संसाधनों की रक्षा के लिए संघर्ष करता आया है। उनके इतिहास में अनगिनत महापुरुष हुए, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। लेकिन आज भी सवाल वही है-क्या यह लड़ाई सच में आदिवासियों के हित में है, या महज़ चुनावी नारों और घोषणाओं तक सीमित रह गई है? चुनाव आते ही सत्ता के गलियारों में जल, जंगल और ज़मीन की गूंज तेज़ हो जाती है। मंचों से मीठे वादों की बारिश होती है-"आदिवासियों की धरोहर बचाई जाएगी, उनकी संस्कृति को सम्मान मिलेगा।" लेकिन जैसे ही चुनावी बयार थमती है, चेहरों से मुखौटे उतर जाते हैं। असलियत यह है कि सत्ता के लिए इन धरोहरों को बचाना नहीं, बल्कि इन्हें पूंजीपति मित्रों के लिए लूट का रास्ता बना देना ही असली एजेंडा है। अंग्रेज़ों के शासनकाल में फ़ॉरेस्ट लॉ के नाम पर आदिवासियों को उनके अपने ही घर-जंगल से बेदख़ल कर दिया गया। जिन पेड़ों को उन्होंने माँ की तरह पाला, जिन नदियों के किनारे पीढ़ियाँ पलीं-उन्हीं पर ताले जड़ दिए गए। आज़ादी के 75 साल बाद भी तस्वीर बहुत नहीं बदली है। आज भी यदि कोई आदिवासी जंगल से दातून तोड़े, कंद-मूल खोदे या जलावन की लकड़ी ले आए-तो उसे अपराधी की तरह घेर लिया जाता है। विडंबना यह है कि सदियों से जंगल की रक्षा करने वाले ही अपने जंगल में अजनबी बना दिए गए हैं।दूसरी ओर, "विकास" के नाम पर हसदेव, नीलगिरी और सरंडा जैसे पवित्र जंगल रातों-रात काट दिए जाते हैं। जहाँ कभी पंछियों के गीत गूंजते थे, अब खनन मशीनों का शोर है। जहाँ कभी निर्मल नदी बहती थी, अब लालच की काली धारा बह रही है।लेकिन इस अंधेरे में उम्मीद की मशाल हमारे जन-नायकों से मिलती है-बिरसा मुंडा, जिन्होंने "अबुआ डिसुम, अबुआ राज" का सपना जगाया-अपनी धरती, अपना राज। सिधूऔर कान्हू मुर्मू, जिन्होंने संथाल हूल की आग से अंग्रेज़ी हुकूमत को चुनौती दी। तिलका मांझी, जिन्होंने धनुष-बाण से अन्याय की दीवारों को भेदा। ये नायक हमें याद दिलाते हैं-जंगल, ज़मीन, नदियां और पहाड़ सिर्फ़ संसाधन नहीं, ये हमारी आत्मा हैं। इन्हें खोना मतलब अपने अस्तित्व को खोना है। क्योंकि जंगल, नदी और पहाड़ सिर्फ़ ज़मीन का टुकड़ा नहीं, हमारे पूर्वजों की धड़कन हैं। इन्हें खोना मतलब अपने इतिहास, अपनी पहचान और अपनी आने वाली पीढ़ियों को अंधेरे में धकेलना है। अगर हमने अपनी जड़ों को बचा लिया, तो आने वाली पीढ़ियां भी इन जंगलों में चिड़ियों की चहचहाहट सुनेंगी, इन नदियों में मछलियों की छलांग देखेंगी, और इन पहाड़ों पर सूरज की पहली किरण महसूस करेंगी। वरना इतिहास हमें माफ़ नहीं करेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



रोनित नायक



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भरनो में तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

## स्कूली बच्चों और भूतपूर्व सैनिकों का उत्साहपूर्ण प्रर्दशन

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार, देश के वीर जवानों और शहीदों को याद करते हुए बुधवार को भाजपा मंडल भरनो के द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो, नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल के बच्चों एवं कई भूतपूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर ब्लॉक चौक, प्रखंड कार्यालय रोड होते हुए श्रीकांत केशरी के आवास तक पहुँची।

पूरे मार्ग में प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" एवं "जब तक सूरज चांद रहेगा, भारत तेरा नाम रहेगा" जैसे जोशीले नारे लगाते रहे। यात्रा का समापन पुनः विद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, संतोष कुमार पांडा, प्रमुख पारस नाथ उरांव, अशोक कुमार केशरी, कौशलेश मिश्रा, भूतपूर्व सैनिक चंद्रमोहन महतो, गोकुल उरांव, तुलसी दास भगत, सुभानी उरांव, श्रीकांत केशरी, पीके सिंह, मुरारी केशरी, बिट्टू गुप्ता, शम्भू केशरी, सुरेश कुमार राय, मुकेश शाही, वीरेंद्र कुमार, सुधेश्वर साहू, गोपाल सिंह सहित सैकड़ों स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

विश्व स्तनपान दिवस का समापन: उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया व सेविकाएं सम्मानित

# यह सप्ताह केवल सात दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि ठोस पहल है : उपायुक्त

- **लोगों से स्तनपान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और समाज में इसके लाभों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** विश्व स्तनपान दिवस समापन समारोह बुधवार को उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। स्तनपान जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने पर सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी और घाघरा प्रखंड के परियोजना आंगनवाड़ी केंद्र टोनक टोली की सेविका प्रमिला मिंज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि "शिशु जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराना और छह माह तक केवल मां का दूध पिलाना, बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए अनिवार्य है।" उन्होंने माताओं से इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की।

उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले में सात दिवसीय स्तनपान जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी 1689 आंगनबाड़ी केंद्रों में माताओं को स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सत्र आयोजित हुए, वहीं पंचायत भवनों में "फादर्स अवेयरनेस सेशन" के तहत बच्चों के पिता को भी इस विषय पर जानकारी दी गई। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार सुनिश्चित किया गया।

जन-जागरूकता के लिए प्रखंड मुख्यालयों पर स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक गीत और नृत्य के माध्यम से संदेश प्रसारित किए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा, "यह सप्ताह केवल सात दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि कुपोषण मुक्त गुमला के निर्माण की ठोस पहल है।" उन्होंने लोगों से स्तनपान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और समाज में इसके लाभों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई और स्तनपान को बढ़ावा देने वाले पंचायतों को "ब्रेस्ट फ्रेंडली पंचायत" के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम हेल्थ, महिला पर्यवेक्षिकाएं, सहिया और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# कुरडेग प्रखंड में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला संपन्न

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायती राज विभाग के तहत पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर ने की।कार्यशाला का शुभारंभ प्रमुख सरस्वती देवी, उपप्रमुख अजय जायसवाल, बीडीओ नैमन कुजूर एवं सीओ किरण डांग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक गौरव कुमार और बीपीएम जितेंद्र साहू ने पंचायत उन्नति सूचकांक (1.0) के उद्देश्यों, मापदंडों और कार्यान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सूचकांक पंचायतों के समग्र विकास का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है।बीडीओ नैमन कुजूर ने आगामी सूचकांक में बेहतर परिणाम लाने के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर विशेष जोर देने की बात कही।

# पेसा कानून पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



- **पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई विस्तृत जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार से अनुसूचित क्षेत्रों (पेसा) में ग्रामसभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में प्रखंड के ग्रामप्रधान, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों ने प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया (पेसा) की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। केंद्र सरकार राज्यों में पेशा कानून लागू करने के लिए प्रयासरत है और झारखंड में भी लंबे समय से इसकी मांग हो रही है।

यह कानून ग्रामसभा के अधिकारों को मजबूत बनाता है और ग्राम प्रधानों को सशक्त करता है। कार्यक्रम में प्रमुख पारसनाथ उरांव, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, मुखिया रश्मि लकड़ा, मंजू देवी, सुशील उरांव, पूजा कुमारी, जयराम उरांव, विनीता एक्का, ललिता देवी, पंची उरांव, दशरथ भगत, मीरा उरांव, पिंकी देवी, बिरसा उरांव, भरत उरांव सहित सभी ग्रामप्रधान, वार्ड सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

चेहल्लुम एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक

# सभी धर्मों के पर्व आपसी भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बिशुनपुर।** आगामी चेहल्लुम एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को बिशुनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुलेमान मुंडरी ने की। बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने कहा कि सभी धर्मों के पर्व आपसी भाईचारा और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए सभी का दायित्व है कि मिल-जुलकर त्योहार मनाएं। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों पर ध्यान न देने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करने की अपील की। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार महतो ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे पर्व के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव सहयोग करेंगे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस मौके पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उप प्रमुख चंदन सिंह, मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक, कामू पासवान, राजू भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# कातिंग पंचायत के आट लोगों को आवास निर्माण न करने पर नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत भवन में बुधवार को उन 8 लोगों को नोटिस दिया गया है, जिन्होंने सरकारी योजना के तहत अबुआ आवास एवं पीएम आवास निर्माण के लिए पैसे मिलने के बावजूद काम शुरू नहीं किया है। इन सभी लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश पर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उन्हें जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने या फिर मिली हुई राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया गया है।पंचायत की मुखिया मधुरा मिंज ने बताया कि इन 8 लाभुकों के बैंक खातों में आवास निर्माण के लिए सरकारी राशि भेज दी गई थी, लेकिन लंबे समय बाद भी इनके द्वारा काम शुरू नहीं किया गया। बार-बार कहने के बावजूद ये लोग आवास बनाने को तैयार नहीं थे। इसी वजह से प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर अब इनसे पैसे वसूलने की प्रक्रिया शुरू की गई है।इस दौरान मौके पर मुखिया मधुरा मिंज के साथ-साथ पंचायत सचिव लक्ष्मण खड़िया, जनसेवक विश्वारम केवट, रोजगार सेवक और ग्रामीण भी मौजूद थे।

# शांति समिति की बैठक, स्वतंत्रता दिवस चेहल्लुम व जन्माष्टमी की तैयारियों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में आगामी स्वतंत्रता दिवस, चेहल्लुम और कृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनजर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा करना था। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि यह बैठक पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार आयोजित की गई है।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से इन महत्वपूर्ण अवसरों पर सहयोग की अपील की। जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से क्षेत्र में वाहन जांच, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नशाखोरी के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया। इस मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई अशोक कुमार,जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, मनोहर बड़ाईक, संतोष कुमार सहित शांति समिति के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा से गूंजे देशभक्ति के नारे



**बिशुनपुर।** भाजपा बिशुनपुर मंडल के अध्यक्ष जगत ठाकुर के नेतृत्व में बुधवार को बिशुनपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत सिनगी दई की प्रतिमा स्थल से हुई और कार्तिक उरांव चौक पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में "भारत माता की जय", "वंदे मातरम", "जब तक सूरज चांद रहेगा, भारत तेरा नाम रहेगा" जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश समिति सदस्य भिखारी भगत, महेंद्र भगत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह, जिला समिति सदस्य केदार साहू, अनिल बड़ाईक, जय मंगल उरांव, लालदेव उरांव, अनीष सिंह, उप प्रमुख चंदन सिंह, गोपाल साहू, अशोक चौरसिया, आदिपा उरांव, रितेश खेरवार, देवलाल खेरवार, बुधराम नगेसिया, परमेश्वर सिंह, सुखदेव उरांव, गुलाब साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।


## समाहरणालय, गढ़वा
### (प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)

**आवश्यक सूचना**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रखण्ड स्तरीय प्रखण्ड समन्वयक तथा लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का दिनांक–11.08.2025 को आयोजित दक्षता परीक्षा एवं दिनांक–13.08.2025 को जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु आयोजित टंकण परीक्षा एवं सभी पदों के उत्तीर्ण उम्मीदवारों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत कोटिवार मेधा सूची एवं प्रतीक्षा सूची को दिनांक–14.08.2025 को जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर जारी कर दिया जाएगा। मेधा सूची के उम्मीदवारों को दिनांक–15.08.2025 को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

विश्वासभाजन
उप विकास आयुक्त, गढ़वा

PR 359526 Rural Development(25-26)#D


# विद्यालय रसोइया संघ ने दिवंगत शिबू सोरेन को जन्मभूमि नेमरा में दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन को उनकी जन्मभूमि नेमरा गांव पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि दिशोम गुरु का जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा की मिसाल है, जो हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनिता देवी, आशा देवी, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, दमयंती बरला, देवकी देवी, शाहिद समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# दोनों त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द व शांति के साथ मनाएं : मोहन सिंह



- **हर साल की तरह इस बार भी पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द के माहौल में संपन्न हों**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (गुमला)।** कुरुमगढ़ थाना परिसर में बुधवार को चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह ने की। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से दोनों त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द के माहौल में संपन्न हों, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग रहेगा। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और भड़काऊ गाने प्रसारित न करने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक में अनुज कुमार पासवान, बरडीह मुखिया ईश्वर खेस, पंचायत समिति सदस्य बामदा, पंचायत समिति सदस्य बरडीह सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

सभी सब्जी दुकानदारों एवं वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है, कि 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर दिनांक 15.08.2025 दिन शुक्रवार को सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में नही करेंगे।

अत: सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में दिनांक 15.08.2025 दिन शुक्रवार को करते हुए पायें जायेंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 359499 Urban Development(25-26)D


# स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# दोनों पर्व पूरे सौहार्द, भाईचारे और शांति के माहौल में मनाए जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**




**पालकोट (गुमला)।** पालकोट थाना परिसर में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) एवं कृष्ण जन्माष्टमी के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों पर्व पूरे सौहार्द, भाईचारे और शांति के माहौल में मनाए जाएंगे। इस अवसर पर शिक्षक कुमुद बिहारी सारंगी ने अपनी माता के नाम पर एक औषधीय पौधा भेंट स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैठक में बीडीओ विजय उरांव, थाना प्रभारी तरुण कुमार, सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामावध साहू, विधायक प्रतिनिधि भूषण सिंह, मुखिया जासीनता मिंज, प्रेस प्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

सभी खस्सी, बकरी, मुर्गा - मुर्गी आदि के मांस विक्रेताओं (बुचड़ों) को सूचित किया जाता है, कि 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर दिनांक 15.08.2025 दिन शुक्रवार को पशु, पक्षी वध निषेध है।

अत: खस्सी- बकरी एवं मुर्गा - मुर्गी आदि के मांस विक्रेतागण दिनांक 15.08.2025 को अपनी - अपनी दुकाने बन्द रखेंगें, उस दिन जो भी खस्सी- बकरी एवं मुर्गा - मुर्गी आदि का वध करते पायें जायेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/-
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 359498 (Urban Development) 25-26 (D)

# भारत और सिंगापुर के बीच तीसरी मंत्री स्तरीय बैठक...

## व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और सिंगापुर ने बुधवार को नई दिल्ली में तीसरी मंत्री स्तरीय बैठक (इंडिया-सिंगापुर मिनिस्टीरियल राउंडटेबल - आईएसएमआर) आयोजित की, जिसमें डिजिटलाइजेशन, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के छह स्तंभों के तहत द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई। बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। सिंगापुर की ओर से उप प्रधानमंत्री गैन किम योंग, राष्ट्रीय सुरक्षा और गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल डेवलपमेंट एवं सूचना मंत्री जोसेफिन टियो, मानव संसाधन मंत्री टैन सी लेंग और परिवहन के कार्यवाहक मंत्री जेफ्री सियाओ शामिल हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सिंगापुर के मंत्रियों का भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आईएसएमआर ने इंडिया-सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल के साथ उपयोगी बातचीत की और कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल द्विपक्षीय संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है।

मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने सिंगापुर के मंत्रीस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि आईएसएमआर, एक अनूठा तंत्र है, जो भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को निरंतर मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा के दौरान भारत-सिंगापुर संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था। साझा इतिहास, भरोसे और आपसी सम्मान पर आधारित मित्रता तथा विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग ने दोनों देशों के रिश्तों को वर्षों में और गहरा व विविधतापूर्ण बनाया है। आईएसएमआर की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। इसकी पहली बैठक सितंबर 2022 में नई दिल्ली में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक अगस्त 2024 में सिंगापुर में आयोजित की गई थी।

### सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने सिंगापुर के मंत्रीस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में स्वागत किया।
- आईएसएमआर को भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने वाला अनूठा तंत्र बताया।

### भारत-सिंगापुर संबंधों का विकास

- पीएम की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा में रिश्तों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया।

## यमन के हूती ग्रुप का दावा चार इजरायली शहरों पर ड्रोन हमले किए



**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती समूह ने बताया है कि इजरायल के शहरों हाइफा, नेगेव, इलियट और बीर शेवा को निशाना बनाकर चार ड्रोन हमले किए गए। याह्या सरिया, हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता, ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में दावा किया कि छह ड्रोनों से किए गए हमलों ने अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। सरिया ने कहा कि ये हमले इजरायल द्वारा "नरसंहार, भुखमरी और विस्थापन के माध्यम से फ़िलिस्तीनी हितों को खत्म करने की योजना" के जवाब में किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक "गाजा पट्टी पर आक्रमण बंद नहीं हो जाता और नाकाबंदी नहीं हट जाती, तब तक इजरायल पर हमले जारी रहेंगे। समूह के कथित हमलों के बारे में इजरायल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## बलूच नेता तारा चंद ने मुनीर को बताया फर्जी फील्ड मार्शल, परमाणु धमकी की निंदा की



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** बलूच अमेरिकन कांग्रेस के अध्यक्ष तारा चंद ने बुधवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की परमाणु धमकी की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें "फर्जी फील्ड मार्शल" और "इंसानों का दुश्मन" करार दिया। तारा चंद ने कहा कि अमेरिका दौरे के दौरान मुनीर ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान कभी भी भारत को सिंधु नदी को रोकने की अनुमति नहीं देगा और अपने जल अधिकारों की रक्षा के लिए भारत द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी बांध को नष्ट कर देगा। तारा चंद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पाकिस्तान का फर्जी फील्ड मार्शल असीम मुनीर, जिसने अमेरिका में धमकी दी कि वह भारत और दुनिया को अपने परमाणु बमों से तबाह कर देगा, उसे शर्म आनी चाहिए।

# योगी सरकार के 'बांके बिहारी मंदिर'अध्यादेश के प्रमुख प्रावधान

## मंदिर का संचालन स्वामी हरिदास परंपरा के अनुसार होगा



**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा में श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास से संबंधित अध्यादेश पेश किया है। इस अध्यादेश के तहत मंदिर के लिए एक न्यास का गठन किया जाएगा, जो चढ़ावे से लेकर मंदिर की चल-अचल संपत्तियों तक का प्रबंधन करेगा। न्यास का गठन और मंदिर का संचालन स्वामी हरिदास परंपरा के अनुसार होगा।

### न्यास की जिम्मेदारियां

***अध्यादेश के अनुसार, न्यास निम्नलिखित कार्यों का प्रबंधन करेगा***

- **दर्शन का समय :** न्यास दर्शन का समय निर्धारित करेगा।
- **पुजारी प्रबंधन :** पुजारियों की नियुक्ति, वेतन और भत्तों की व्यवस्था।
- **सुरक्षा और प्रशासन :** भक्तों की सुरक्षा, मंदिर का प्रभावी प्रबंधन और प्रशासन।

### न्यास के अंतर्गत शामिल संपत्ति

***न्यास मंदिर की सभी संपत्तियों का प्रबंधन करेगा, जिनमें शामिल हैं:***

- मंदिर में स्थापित मूर्तियां और परिसर।
- भक्तों द्वारा चढ़ाए गए उपहार, नकद, आभूषण, अनुदान, हुंडी संग्रह, और डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट या चेक।
- पूजा, कर्मकांड, समारोह और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए दी गई संपत्ति।
- मंदिर की सभी चल और अचल संपत्तियां।

### श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं

***अध्यादेश का लक्ष्य श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। इसके लिए निम्नलिखित व्यवस्था विकसित की जाएंगी:***

- प्रसाद वितरण और कतार प्रबंधन।
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग।
- पेयजल, विश्राम के लिए बेंच, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और वेटिंग रूम।

### न्यास की संरचना

***न्यास में कुल 18 सदस्य होंगे, जिनमें शामिल हैं:***

- **11 मनोनीत सदस्य :** वैष्णव परंपराओं, संप्रदायों या पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य।
- सनातन धर्म की किसी भी शाखा/संप्रदाय से 3 सदस्य।
- गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य (स्वामी हरिदास के वंशज: एक राज-भोग और एक शयन-भोग सेवादार)।
- 3 अन्य सनातनी हिंदू सदस्य।
- इनका कार्यकाल 3 वर्ष होगा।

### 7 पदेन सदस्य

- मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त।
- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ।
- बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ।
- राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि।
- यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानता, तो उनकी जगह अन्य अधिकारी मनोनीत किया जाएगा।

## सभी सेक्टर में लागू करने की है तैयारी

# ओबीसी वर्ग के क्रीमी लेयर को ले आ सकता है प्रस्ताव

**केवल 8 लाख रु. से कम आय वालों को मिलेगा आरक्षण का लाभ**





सालाना आय 8 लाख रु. से ज्यादा वाले 'क्रीमी लेयर' में

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ओबीसी के लिए 'क्रीमी लेयर' की सर्वमान्य सीमा तय करने की तैयारी कर ली है। यह केंद्र व राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पीएसयू, विश्वविद्यालयों तथा निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के बीच 'बराबरी' लाने के उद्देश्य से हो रहा है। इसके लिए एक प्रस्ताव केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) से बात करके तैयार किया गया है। सरकार के अनुसार इससे ओबीसी वर्ग में ज्यादा लोगों को मौके मिलेंगे, उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ेंगे । मालूम हो कि 1992 में सर्वोच्च न्यायालय ने इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार के मामले में एक ऐतिहासिक फैसला दिया था, जिसे 'मंडल फैसले' के नाम से भी जाना जाता है। इस फैसले के बाद ही ओबीसी के भीतर 'क्रीमी लेयर' की व्यवस्था को जोड़ा गया था। सरकारी नौकरियां न करने वालों के लिए 'क्रीमी लेयर' का मानदंड 1993 में 1 लाख रुपये प्रति वर्ष निर्धारित किया गया था , 2004, 2008 व 2013 में इसमें संशोधन किया गया। 2017 में इस सीमा को 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दिया गया और तब से अब तक यह इतनी ही है। ओबीसी के बीच 'क्रीमी लेयर' को लेकर कुछ विशेष समूह आते हैं। जैसे- संवैधानिक पदों पर काम कर रहे लोग जिनमें – ऑल इंडिया सर्विसेज, केंद्रीय व राज्य सेवा में काम करने वाले ग्रुप- ए ,क्लास -1 के ऑफिसर्स, केंद्र व राज्य के ग्रुप- बी ,क्लास -2 के कर्मचारी, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारी; सशस्त्र बलों के ऑफिसर; पेशेवर, व्यापार और उद्योग से जुड़े लोग; संपत्तियों के मालिक और ऐसे लोग जो आय/संपत्ति परीक्षण के दायरे में आते हैं। 2017 में कुछ केंद्रीय पीएसयू में 'बराबरी' तय करने को लेकर फैसला लिया गया था लेकिन उस समय प्राइवेट सेक्टर के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में ऐसा नहीं हो पाया। मालूम हो कि मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर ओबीसी में आने वाले 'नॉन क्रीमी लेयर' को केंद्र सरकार की नौकरियों में और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिलों में 27 %आरक्षण दिया जाता है। राज्य सरकार में यह आरक्षण अलग-अलग होता है और इस वजह से ओबीसी का जाति सर्टिफिकेट जारी करने में मुश्किल आती है। इस बारे में द इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि विश्वविद्यालयों के असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों का वेतन लेवल 10 या इससे ऊपर से शुरू होती है और यह सरकार में ग्रुप -ए के पद या उससे ज्यादा है। सरकार की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि इन्हें 'क्रीमी लेयर' माना जाए।मतलब यह है कि उनके बच्चों को ओबीसी आरक्षण का लाभ न मिले। प्राइवेट सेक्टर में पद व सैलरी को लेकर पैमाने अलग-अलग हैं , और वहां पर इस तरह की 'बराबरी' को स्थापित कर पाना मुश्किल है। इसलिए प्रस्ताव में कहा गया है कि 'बराबरी' को स्थापित करने के लिए आय/संपत्ति के मानदंड को आधार माना जाए। विश्वविद्यालयों के नॉन-टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को उनके लेवल/ग्रुप/पे स्केल के अनुसार क्रीमी लेयर में रखा जाएगा। राज्य सरकार के तहत आने वाले पीएसयू के लिए कहा गया है कि एग्जीक्यूटिव लेवल के पदों, जिनमें बोर्ड लेवल के अफसर और बोर्ड लेवल से नीचे के मैनेजमेंट वाले पद शामिल हैं, उन्हें 'क्रीमी लेयर' श्रेणी में माना जाए। लेकिन यदि इनकी आय 8 लाख रुपये से कम है तो यह 'क्रीमी लेयर' में नहीं आएंगे।सरकारी सहायता से चलने वाले संस्थानों के लिए यह प्रस्ताव रखा गया है कि क्योंकि यह सामान्य तौर पर संबंधित केंद्रीय या राज्य सरकार की शर्तों और पे स्केल का पालन करते हैं, इसलिए कर्मचारियों का वर्गीकरण उनके पद व वेतन के आधार पर किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट में इसे लेकर कई मामले लंबित पड़े हुए हैं इसलिए यह जरूरी है कि स्पष्ट नियम बनाए जाएं। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे ओबीसी वर्ग के अंदर ज्यादा लोगों को मौके मिलेंगे।

### प्रस्ताव की मुख्य बातें

- **क्रीमी लेयर की सीमा तय करना :** सरकार इस सीमा को आय या संपत्ति के आधार पर तय करने की सोच रही है। इससे उन लोगों को जो बहुत अधिक आय या संपत्ति रखते हैं, आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
- **आय/संपत्ति के आधार पर वर्गीकरण :** 2017 से पहले यह सीमा 8 लाख रुपये प्रति वर्ष थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि उच्च पदों पर काम कर रहे या अधिक आय वाले लोग (जैसे- विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, सरकारी अधिकारी, पीएसयूके उच्च पदाधिकारी) को 'क्रीमी लेयर' माना जाएगा। उनके बच्चे अब आरक्षण का लाभ नहीं ले पाएंगे।

### संबंधित क्षेत्रों में लागू

- सरकारी नौकरियों में, विश्वविद्यालयों में, पीएसयू में और निजी सेक्टर में पदों और आय के आधार पर यह व्यवस्था लागू हो सकती है।
- विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, पीएसयू के वरिष्ठ अधिकारियों और सरकारी संस्थानों के कर्मचारियों को भी इस सीमा से जोड़ा जाएगा।
- **मामलों का समाधान और स्पष्टता :** सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में चल रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए, इस प्रस्ताव का उद्देश्य स्पष्ट नियम बनाना है ताकि कानूनी जटिलताएं कम हों।
- **लाभ का वितरण और रोजगार :** सरकार का तर्क है कि इससे अधिक लोगों को अवसर मिलेंगे और ओबीसी वर्ग का सामाजिक-आर्थिक सुधार होगा।
- यह प्रस्ताव मुख्य रूप से आर्थिक आधार पर 'क्रीमी लेयर' की सीमा तय कर, उस सीमा से ऊपर के लोगों को आरक्षण का लाभ न देने का प्रस्ताव है। इससे सरकारी और निजी क्षेत्र में समावेशिता बढ़ेगी और आर्थिक समानता को बढ़ावा मिलेगा,8 लाख रु. से कम सालाना आमदनी वालों को आरक्षण का लाभ मिलेगा।

# वजन कम करने वाली दवा ओजेम्पिक और मौनजारो से आंखों की रोशनी घट सकती है?

**ब्यूरो**





**नई दिल्ली।** हार्वर्ड में एक शोध में बढ़ते वजन से बेहाल लोगों के लिए मोटापा कम करने वाली दवाएं ओजेम्पिक व मौनजारो को लिया गया। इन दवाओं का उपयोग वजन घटाने व टाइप-2 मधुमेह को नियंत्रित करने में किया जाता है। लेकिन कुछ नई शोध में ये बात सामने आई है कि वजन घटाने वाली ये दवाएं आंखों से जुड़ी परेशानियां पैदा कर सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका में 40 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें कुछ मरीजों को स्थायी दृष्टि हानि हुई है। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के मुताबिक सेमाग्लूटाइड लेने वालों में खतरा 4 से 7 गुना ज्यादा हो सकता है। कुछ मरीजों में इन दवाओं के सेवन के बाद अचानक अंधापन की शिकायतें सामने आई हैं।जाना नेटवर्क ओपन में प्रकाशित दो हालिया शोधों ने दवाओं के आंखों से संबंध की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक सेमाग्लूटाइड व टिरजेपटाइड दवाओं के उपयोग से कुछ आंखों की बीमारियों के जोखिम में वृद्धि देखी गई है। सेमाग्लूटाइड एक जीएलपी-1 (ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1) एनालॉग है, जो शरीर में मौजूद प्राकृतिक जीएलपी-1 हार्मोन की तरह काम करता है। यह ब्लड शुगर व भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसका उपयोग टाइप 2 डायबिटीज के इलाज में और अधिक मात्रा में वजन घटाने के लिए किया जाता है। टिरजेपटाइड जीएलपी-1 व जीआईपी (ग्लूकोज-डिपेंडेंट इंसुलिन ट्रॉपिक पोलिपेप्टाइड) दोनों हार्मोन की नकल करता है, जिससे पैंक्रियास से इंसुलिन का स्राव होता है और ब्लड शुगर व वजन को कंट्रोल किया जाता है। शोध के अनुसार वजन घटाने वाली इन दवाओं का सेवन करने से डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा बढ़ सकता है। जब लंबे समय तक हाई ब्लड शुगर रेटिना की नाज़ुक रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे दृष्टि धुंधली हो सकती है या इंसान हमेशा के लिए अंधा भी हो सकता है।नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी एक ऐसी स्थिति जिसमें ऑप्टिक नर्व को रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है और इससे अचानक, बिना दर्द के दृष्टि हानि हो सकती है।जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित दो हालिया अध्ययनों ने जीएलपी -1 दवाओं जैसे सेमाग्लूटाइड और टिरज़ेपाटाइड व नेत्र संबंधी जोखिमों के बीच संभावित संबंध का विश्लेषण किया। दो हालिया स्टडी में पाया गया कि टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों में जीएलपी-1 दवाएं जैसे सेमाग्लूटाइड, टिरज़ेपाटाइड लेने वालों को नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी और डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा थोड़ा बढ़ सकता है। हालांकि इन दवाओं से पूर्ण अंधापन व गंभीर रेटिनोपैथी जटिलताओं का जोखिम कम हुआ। रोगियों को सर्जरी या लेजर इलाज की जरूरत भी कम पड़ी। दूसरी शोध में पाया गया कि ताकतवर जीएलपी -1 दवाएं लेने वालों में ऑप्टिक नर्व से जुड़ी समस्याएं अन्य दवाओं की तुलना में थोड़ी अधिक थीं, लेकिन मामले दुर्लभ रहे।पहली रिसर्च में टाइप 2 डायबिटीज से ग्रस्त मरीजों पर फोकस किया गया, जो जीएमपी -1 दवाएं जैसे डुलाग्लूटाइड, लिराग्लूटाइड ले रहे थे। दो वर्षों की निगरानी में पाया गया कि मरीजों में डायबिटिक रेटिनोपैथी और नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी( आंख की नसों में रक्त प्रवाह रुकने से होने वाली अचानक दृष्टि हानि ) का थोड़ा अधिक जोखिम था। दूसरी रिसर्च के मुताबिक सेमाग्लूटाइड और टिरज़ेपाटाइड जैसी ताकतवर जीएलपी -1 दवाएं लेने वालों की तुलना पुरानी जीएलपी -1 दवाओं का सेवन करने वालों से की गई जिसमें नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी और ऑप्टिक नर्व से जुड़ी समस्याओं के मामूली अधिक मामले सामने आए।





# जया बच्चन का बर्ताव देख कर कंगना को आया गुस्सा...

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दिल्ली-एनसीआर के इलाकों से आवारा कुत्तों को आठ हफ्तों के भीतर आश्रय गृहों में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के ख़िलाफ़ अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह निर्देश दर्शाता है कि एक समाज के रूप में हम कितने "निष्प्राण" हो गए हैं। मंगलवार को, सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर इस आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके बाद गरमागरम बहस और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। लोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के खिलाफ नारे लगा रहे हैं और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

**जया बच्चन ने सेल्फी ले रहे शख्स को दिया धक्का :** जया बच्चन का बर्ताव देख कर कंगना रनौत को आया गुस्सा जया बच्चन अक्सर अपने गुस्से को लेकर चर्चा में रहती हैं और हाल ही में उनका एक और ऐसा ही वीडियो सामने आया। जिसमें कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक शख्स पर बुरी तरह भड़कतीं, धक्का मारती दिखीं। इस पर अब कंगना रनौत का रिएक्शन वायरल हो रहा है। कंगना ने जया बच्चन के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए। उन्हें 'बिगड़ी हुई महिला' करार देते हुए कहा कि लोग उन्हें सिर्फ इसलिए बर्दाश्त करते हैं, क्योंकि वह अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं। दिग्गज अभिनेत्री पर कंगना का ये रिएक्शन वायरल हो रहा है।






दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म के नौवें दिन बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक विधि विधान से श्राद्ध की प्रक्रिया पूरी की।



## चंद्रप्रकाश चौधरी ने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर ढांढस बंधाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बुधवारकोरामगढ़ के नेमरा जाकर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनसे मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि गुरुजी का निधन देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। झारखंड और आदिवासी समाज के प्रति उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एक समाज सुधारक के रूप में भी रहीं, जिन्होंने हमेशाा नशामुक्ति, शिक्षा, आदिवासियों के विकास पर जोर दिया।

### सीएम हेमंत सोरेन पुत्र धर्म के साथ-साथ राजधर्म का भी कर रहे निर्वाह

# जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो : सीएम

- योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से किया जाए : हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गांव के खुले आंगन, मिट्टी की महक और अपनत्व से भरे वातावरण में रहते हुए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता जनता की सेवा ही है। इन दिनों अपने पैतृक गांव नेमरा में रहकर एक साथ पुत्र धर्म और राज्य धर्म का निर्वहन कर रहे हैं। एक ओर जहां वे दिवंगत पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों का निर्वाह कर रहे हैं। वहीं राज्य के विकास और प्रशासनिक कार्यों के प्रति पूरी तरह सक्रिय हैं। गांव के सादगीपूर्ण माहौल में रहते हुए वे लगातार विभिन्न विभागों से प्राप्त फाइलों और प्रस्तावों पर निर्णय ले रहे हैं तथा अधिकारियों से फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न हो और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन निर्धारित टाईमलाईन से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके समाधान में पूरी तत्परता बरती जाए।



## चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की भेंट, शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास, नेमरा पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड निर्माता गुरुजी का सादा जीवन, उच्च विचार और संघर्षपूर्ण यात्रा न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। उनका योगदान आनेवाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर दिशोम गुरु के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुखद घड़ी में प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग जगत की ओर से मुख्यमंत्री को सांत्वना दी। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी एवं उद्यमी समाज, गुरुजी के अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, अमित शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा शामिल थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## राजद ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह नेमरा पहुंचे व स्व शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुरुजी के प्रति संवेदना जताई। मौके पर अभय कुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा, संजय सिंह, विनोद सिंह, शौकत अंसारी उपस्थित थे।



## प्रकाश झा ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज नेमरा में फिल्म निर्माता/ निर्देशक प्रकाश झा ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## दिशोम गुरु को 'कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा' ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नेमरा में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्मृति शेष- दिशोम गुरु शिबू सोरेन को स्मरण करते हुए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें "गुरूजी" को श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरुजी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरुजी ने सदैव शिक्षा, सेवा और एकता का संदेश दिया। उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा समाज को दिशा देता रहेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने गुरूजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के संरक्षक दीपक पुनरियार, जिला संरक्षक सदस्य में अनंत कंड़हरआर, सुभाष पुनरियार, गोविंद पुनरियार, सुखदेव जालबनवार, अशोक हिन्दयार, चंद्र मोहन सखवार , सुभाष हिन्दयार के अलावे सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के मंत्री व नेता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नेमरा स्थित पैतृक आवास में मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक प्रदीप यादव एवं विधायक ममता देवी ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना की।

## झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं का हुआ विस्तार रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** 4 जुलाई 2025 को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस दौरान रांची सहित पूरे झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर उन्हें आग्रह पत्र भी सौंपा था। उसी के आलोक में रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया है और आगे की प्रक्रिया भी आरंभ हुई है। मंत्री का जिन प्रमुख मुद्दों की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया था, उन्हें पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता दिखाने के लिए संजय सेठ ने आभार प्रकट किया है। रांची से पुरी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन। रांची से जयपुर के लिए नई ट्रेन का परिचालन या दूसरी ट्रेन का जयपुर तक विस्तार। रांची से ऋषिकेश हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन का परिचालन। रांची से मुरी, सिल्ली, बरकाकाना होते हुए हजारीबाग तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन। राजधानी रांची से अहमदाबाद के लिए ट्रेन सेवा का परिचालन। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर रांची की जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराया था। 20 दिन के अंदर इस मामले में संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी, यह सुखद है।

# न्यूज बॉक्स

## प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल को दिया स्वतंत्रता दिवस के लिए आमंत्रण




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल संतोष गंगवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से राज्यपाल को अवगत कराया। ज्ञात हो कि रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त 2025 को मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने फहराया तिरंगा



**रांची।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तिरंगा फहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान भारत के जन-जन का अभियान बन चुका है। इस अभियान ने 140 करोड़ देशवासियों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रज्ज्वलित किया है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले असंख्य वीरों को याद करने का अभियान है।

## बुद्ध बिहार में अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रांची।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर स्थित बुद्ध बिहार में प्रबुद्ध सोसाइटी, भिक्षु संध, इंडियन डाक्यूमेंट्री फिल्म्स एवं आपकी आवाज के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह मनाया गया। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा से जुड़े 24 चयनित लोगों को भारतश्री अवार्ड से अलंकृत किया गया। इसमें प्रमुख रूप से थाईलैंड, कंबोडिया एवं भारत के लोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल ने की। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भदंत ज्ञानेश्वर ने अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह पर प्रकाश डालते हुए अवार्ड प्राप्त करने वाले सभी लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवार्ड प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ टीपी बरनवाल, न्यायाधीश डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ उमेश प्रसाद सिंह, भरत शर्मा, डॉ नीलम बर्मा, पूनम बरनवाल, डॉ भारती शर्मा, डॉ महेश अग्रवाल, डॉ सरोज मिश्रा, डॉ मधूसूदन पांडेय शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राहुल कुमार, शुभम सानू, अनूप कुमार मुरारी, सुधा तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं में नामांकन के लिए शिविर आयोजित

**रांची।** जयपुर पंचायत में बुधवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व आरबीआई के सहयोग से वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि आरबीआई की उप महाप्रबंधक अनामिका शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक सन्नी कुमार रहे। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन और री-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की गई। अनामिका शर्मा ने 8-10 साल में एक बार पुनः केवाईसी कराने और सरकारी योजनाओं से जुड़ने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक के नीरज अगम, विपिन बिहारी, शिखा सिंह व साख फाउंडेशन के सचिव मनोज सिंह उपस्थित रहे।

## मोरहाबादी में दिशोम गुरु को समर्पित शोकसभा का हुआ आयोजन




**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका में बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे दिवंगत शिबू सोरेन को समर्पित शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के साथ ही अन्य सामाजिक, राजनीतिक, खेल एवं कला-संस्कृति एवं धार्मिक संगठनों की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिशोम गुरु के योगदान और यहां के लोगों को शोषण-उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के साथ ही प्रत्येक चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के प्रति उनके योगदान की चर्चा की गई। साथ ही, महाजनी प्रथा के विरुद्ध उनके ऐतिहासिक संघर्ष को याद किया गया।

**पहल** 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी भाजपा, बोले बाबूलाल मरांडी

# प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगे की ताकत को बढ़ाया

- कर्मवीर सिंह ने कहा, तिरंगा भारत की आन बान और शान है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह जुट गई है। बुधवार से प्रदेश के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्राएं धूमधाम से निकाली जा रही हैं। सभी जिलों, मंडलों में स्थापित शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को घरों में तिरंगा लगाने की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने अपने आवास पर तिरंगा ध्वज लगाया। इस अवसर पर मरांडी ने कहा कि हर भारतीय को यह राष्ट्र ध्वज तिरंगा गर्व से भर देता है। कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर तिरंगे की ताकत बढ़ी है सम्मान बढ़ा है। यह बढ़ते भारत, बदलते भारत, मजबूत भारत की पहचान है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में तिरंगा लगाते हुए कहा कि यह तिरंगा कोई सामान्य झंडा नहीं, बल्कि भारत की आन बान और शान है। उन्होंने कहा कि इसके तीन रंगों में भारत की सांस्कृतिक विरासत निहित है। केसरिया शौर्य साहस है, जिसने करोड़ों देश भक्तों को मर मिटने के लिए प्रेरित किया। श्वेत रंग 'सत्यमेव जयते' की ताकत है और हरा रंग शस्य श्यामला भारत की पहचान है। उन्होंने सभी लोगों से अपने घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।




## होनहार पुलिस पदाधिकारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है राज्य सरकार : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि समाचारों से पता चला है कि झारखंड पुलिस सेवा के अफसरों की आईपीएस में प्रोन्नति के लिए आयोजित यूपीएससी की बैठक इसलिए रद्द हो गई, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद भी अवैध एवं गैरकानूनी रूप से डीजीपी के पद पर काम कर रहे अनुराग गुप्ता को उस बैठक में शामिल रखने से यूपीएससी से मना कर दिया। इस वजह से राज्य के जिन योग्य पुलिस अफसरों को तत्काल आईपीएस बनने का अवसर मिलता, वे अनिश्चित काल के लिए टल गया। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि जबकि ऐसे प्रोन्नति पाने वाले अफसरों के लिए उनके करियर में यह तरक्की एक-एक दिन के लिए महत्वपूर्ण है।

# सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं मर्डर हुआ है : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने सरकार पर हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि आदिवासी नेता को अपराधी बनाना हो या निर्दोष को दोषी साबित करना हो, पैसे लेकर जमीन पर कब्जा कराना हो या माफियाओं को सरेआम आतंक करने की खुली छूट देना हो, अपने शक के आधार पर किसी की आवाज को दबाने के लिए एनकाउंटर करना हो या खास वर्ग को छूट देकर आदिवासियों की हत्या करना कराना हो इन सारे कार्यों का जिम्मा झारखंड पुलिस में शामिल अपराधी क़िस्म के कुछ लोगों ने अपने कंधे पर ले लिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जिस तरह अपराधियों को शरण और संरक्षण देने वाली खुद अपराधी प्रवृत्ति का काम कुछ पुलिस वाले कर रहे है।

## चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग में दखल असंवैधानिक : डॉ तनुज खत्री



**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड की पुलिस व्यवस्था और पदोन्नति प्रक्रिया पर लगातार लगाए जा रहे आरोप न केवल तथ्यों से परे हैं, बल्कि चुनी हुई सरकार के कामकाज में अनुचित और असंवैधानिक हस्तक्षेप भी हैं। राज्य की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चुनी है, और पुलिसिंग की सीधी जिम्मेदारी स्वयं मुख्यमंत्री के पास है। ऐसे में चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग और प्रशासनिक प्रक्रिया में दखल देना न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि संवैधानिक दायरे से भी बाहर है। विशेष रूप से, नियुक्ति प्रक्रिया पर बार-बार सवाल खड़ा करना पुलिस बल के मनोबल को कमजोर करने का प्रयास प्रतीत होता है। ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों से अपराधी तत्वों का मनोबल बढ़ता है और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा था कि उनके खिलाफ पुलिस के पास कुछ ऐसे साक्ष्य हैं, जिनके सामने आने से उनकी छवि को नुकसान पहुँच सकता है। सवाल उठता है-आख़िर बाबूलाल जी राज्य की पुलिस से इतना भयभीत क्यों हैं? क्या उनके मन में अपने ही किसी पुराने आचरण को लेकर कोई आशंका है? यदि ऐसा नहीं है, तो फिर डर किस बात का? झारखंड की पुलिस कानून और संविधान के तहत कार्य करती है, न कि किसी राजनीतिक इशारे पर।

### ईसीआई पर राजद सांसद मनोज झा का तंज, कहा

# बांग्लादेश के चुनाव आयोग को भारत में आदर्श न बनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा ने 'वोट चोरी' एसआईआर सहित तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार वाले बयान पर कहा कि लोग चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं, जैसा कि बांग्लादेश में देखने को मिला। उन्होंने चुनाव आयोग से हाथ जोड़कर विनती की है कि वह बांग्लादेश के चुनाव आयोग को आदर्श न बनाए और संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को अपने इतिहास को पढ़ना चाहिए और समझना चाहिए क्योंकि संवेदना मरेगी तो यह बांग्लादेश हो जाएगा।

राजद सांसद ने आयोग और भाजपा के संबंध की जांच होनी चाहिए और मुझे लगता है कि जनता बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों के रिश्तों की जांच करेगी। मनोज झा ने तेजस्वी यादव के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने भाजपा नेताओं के पास दो ईपीआईसी (वोटर आईडी) होने का दावा किया है। राजद सांसद ने कहा यह चुनाव आयोग की प्रक्रियात्मक विफलता को दर्शाता है। भीखू भाई दलसानिया लोकसभा चुनाव में गुजरात के वोटर हो जाते हैं। बिहार में इस साल चुनाव हैं, तो वह यहां के वोटर हो गए हैं। आगे बंगाल में चुनाव है, तो वह बंगाल के वोटर बन जाएंगे। लोगों के बीच में दो वोटर कार्ड को लेकर कोलाहल है।

### भाजपा-चुनाव आयोग संबंधों की जांच की मांग उठी



मनोज झा ने भाजपा के उन बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है जिसमें भाजपा की ओर से दावा किया गया है कि विपक्ष चुनाव आयोग और एसआईआर पर लोगों को गुमराह इसलिए कर रहा है क्योंकि बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष की हार तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के रिश्ते की जांच होनी चाहिए और चुनाव में जनता इन दोनों के रिश्ते की जांच सुनिश्चित करेगी। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित अनियमितताओं का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच संबंधों पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि पीठासीन अधिकारी की गड़बड़ी, जो सीसीटीवी में कैद हुई थी और भाजपा द्वारा उसे सही ठहराने की कोशिश की गई, दोनों के बीच गहरा रिश्ता दर्शाती है।

### भाजपा का 'वोट चोरी' पर कड़ा जवाब

# अखिलेश, राहुल और प्रियंका की सीटों पर चुनाव में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिंपल यादव की लोकसभा सीटों पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। भाजपा ने कन्नौज, रायबरेली, मैनपुरी, वायनाड और डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्रों में लाखों संदिग्ध मतदाताओं की मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा ने 'घुसपैठिया वोट बैंक' से वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सीटों का आंकड़ा जारी किया है। इसमें बताया गया कि राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में 2,00,089 संदिग्ध मतदाताओं की सूची सामने आई है, जिसमें 19,512 डुप्लिकेट मतदाता, 71,977 फर्जी पते वाले मतदाता, 15,853 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 92,747 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं।

इसके अलावा, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट पर 2,59,779 संदिग्ध मतदाताओं का खुलासा हुआ है। इनमें 3,613 डुप्लिकेट मतदाता, 1,55,365 फर्जी पते वाले मतदाता, 290 फर्जी रिश्तेदार वाले मतदाता, 43,947 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 56,564 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं।



### संदिग्ध वोटर पर विपक्षी सांसदों की सीटों पर सवाल

इसके अलावा, अखिलेश यादव की संसदीय सीट कन्नौज में कुल 2,91,798 संदिग्ध मतदाताओं की पहचान की गई है, जिसमें 16,163 डुप्लिकेट मतदाता, 1,53,919 फर्जी पते वाले मतदाता, 25,772 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 74,531 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। माजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इस सीट से 1,70,922 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की लोकसभा सीट वायनाड में 93,499 संदिग्ध मतदाताओं का पता चला है। इनमें 20,438 डुप्लिकेट मतदाता, 17,450 फर्जी पते वाले मतदाता, 4,246 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 51,365 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। सपा सांसद डिंपल यादव की लोकसभा सीट मैनपुरी में 2,55,914 संदिग्ध मतदाताओं की पहचान की गई है, जिसमें 14,088 डुप्लिकेट मतदाता, 1,76,078 फर्जी पते वाले मतदाता, 16,216 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 49,532 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। इस सीट से डिंपल यादव ने 2,21,639 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

## चुनाव आयोग जोड़ने का नहीं, तोड़ने का काम कर रहा है : वीरेंद्र सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के आरोपों का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जोड़ने का नहीं, तोड़ने का काम कर रहा है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि भाजपा नेताओं के पास दो वोटर कार्ड हैं, जिसे लेकर उन्होंने प्रेस वार्ता की। वीरेंद्र सिंह ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग का मुख्य काम हर नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करना है, लेकिन आयोग मतदाता सूची से नाम हटाने पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, न कि नाम जोड़ने पर। चुनाव आयोग का काम है कि जो भी वोटर हैं उनकी ओर से मतदान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग नागरिकता तय करने का काम कर रहा है, जो उसका अधिकार क्षेत्र नहीं है। किसी की नागरिकता पर संदेह है तो उसकी जानकारी गृह मंत्रालय को देनी चाहिए। आयोग को जो काम दिया गया है, वह करना चाहिए। लेकिन, वह दोनों काम कर रहा है। सिंह ने सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत का भी आरोप लगाया, जिसके खिलाफ विपक्षी दलों की ओर से विरोध किया जा रहा है। जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते जस्टिस वर्मा को महाभियोग के जरिए सजा मिलनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि पहले महाभियोग प्रस्ताव लाने की चर्चा थी, लेकिन अब मामला जांच समिति को सौंप दिया गया है। सिंह ने कहा कि यदि महाभियोग के जरिए जस्टिस वर्मा को हटाया जाता, तो उन्हें पूर्व जज के तौर पर कोई विशेषाधिकार या सम्मान नहीं मिलता।स्वतंत्रता दिवस पर मीट की दुकानें बंद करने के आदेश पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन देशभक्ति की भावना के साथ आजादी का जश्न मनाना चाहिए, न कि पाबंदियां लगाकर। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रतिबंधों के साथ आजादी का उत्सव उचित है? फतेहपुर की घटना पर समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जब भी सरकार डरती है, पुलिस को आगे कर देती है।

### कांग्रेस सांसद ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कहा-

## लोकतंत्र को नष्ट किया जा रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार में 'वोट चोरी' का मुद्दा विपक्षी दलों की ओर से जोर-शोर से उठाया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राजद नेता तेजस्वी यादव के आरोपों का समर्थन करते हुए दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और चुनाव आयोग के बीच सांठगांठ है, जिसके जरिए वोटर लिस्ट में धांधली की जा रही है और लोकतंत्र को नष्ट किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि सब कुछ सामने आ रहा है कि कैसे भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के बीच वोट बांटे हैं। भाजपा की चुनावी मशीनरी के बिना यह गठजोड़ संभव नहीं था। यह चुनाव और भाजपा के बीच मिलीभगत, व्यवस्था में हेरफेर, वोट चुराने के साथ यह लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं।दरअसल, तेजस्वी यादव ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर बिहार में 'वोट चोरी' कर रहा है और कुछ भाजपा नेताओं के पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला देवी के मामले में तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि इनके पास दो वोटर कार्ड हैं। राहुल गांधी के आरोप पर मसूद ने कहा कि आरोप तो चुनाव आयोग पर लगाया जा रहा है, भाजपा इस पर जवाब क्यों दे रही है? क्या वह चुनाव आयोग के प्रवक्ता बन गए हैं?

जस्टिस वर्मा मामले में जांच के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से तीन सदस्य संसदीय कमेटी बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि अभी समिति की रिपोर्ट आने तक कुछ भी कहना अनुचित होगा। 15 अगस्त पर मीट की दुकान बंद करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि इस देश के अंदर मीट को ही बंद कर देना चाहिए। हम बीफ एक्सपोर्ट में नंबर-1 बनेंगे, लेकिन लोगों को मीट खाने से रोकेंगे? क्या सब कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है? मैं बीफ नहीं खाता हूं। लेकिन कई लोग मांसाहारी हैं। देश में 14 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमानों की है, जिनमें 82 प्रतिशत लोग मांसाहारी हैं। ऐसे में यह क्या तमाशा चल रहा है? बता दें कि मीट की दुकान बंद करने के फैसलों को लेकर कुछ विपक्षी सांसदों ने भी ऐतराज जताया है।

## बिहार चुनाव में अपनी हार देख कांग्रेस झूठे आरोप लगा रही : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने 'मतदाता सूची' को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी हार देखकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दल झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन करने की बजाय कांग्रेस ने हर हार के बाद नया बहाना ढूंढने का काम किया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, "अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल गांधी का नेतृत्व है। जब चुनाव हारते हैं, तो वे ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोष देते हैं। पार्टी के भीतर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाए जाते हैं। अनुराग ठाकुर बोले, "कांग्रेस ने पहले कहा कि ईवीएम मशीन के साथ हेराफेरी होती है, ईवीएम बैन करो, बैलेट पेपर लाओ। फिर कहा ईवीएम को रिमोटली हैक किया जा सकता है। फिर कहा वीवीपैट 100 प्रतिशत चेक सुनिश्चित करो। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, लेकिन ईवीएम से लेकर संवैधानिक संस्थाओं तक पर आरोप लगाती रही। अब बिहार चुनाव हारता हुआ देख पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुटी है। भाजपा सांसद ने कहा, "कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया, लेकिन यह बवंडर नहीं 'ब्लंडर' है। मैं राहुल गांधी को यही कहूंगा, धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे।" अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाए कि कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर 'वोट चोरी' की दुकान चलाई थी।

## जनता से नकारे गए राहुल चुनाव आयोग पर फोड़ रहे ठीकरा : विश्वास सारंग

**एजेंसी। भोपाल**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों को लेकर उठाए जा रहे सवाल के जवाब में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस को जनता ने हर बार नकारा है, यही कारण है कि वे चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं।

राहुल गांधी के आरोपों पर मंत्री सारंग ने आईएएनएस से कहा है कि राहुल गांधी जनता से नकारे हुए नेता हैं। जनता ने नकार दिया तो लगातार कभी इलेक्शन कमीशन पर तो कभी वोटर लिस्ट पर ठीकरा फोड़ रहे हैं, सवाल खड़ा कर रहे हैं। जनता ने उन्हें नकारा है और घर बैठाया है इसलिए राहुल गांधी को जनता और राजनीति की नब्ज़ समझने की ज़रूरत है, न कि इस तरह से वोट सूची पर या चुनाव आयोग पर प्रश्नचिन्ह लगाने की ज़रूरत है।

भाजपा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी राहुल गांधी को अपरिपक्व नेता करार दिया है और कहा कि उनके बयान बचकाने वाले होते हैं और उनका आचरण तथा व्यवहार उनके नाम पप्पू जैसा होता है। वे देश के लोकतंत्र के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि देश में शहरी नक्सलवाद को बढ़ावा दें और वोट देना ही छोड़ दें। राहुल गांधी देश में गृह युद्ध की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। तिरंगा अभियान पर मंत्री सारंग ने कहा है कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान और हमारी पहचान है। तिरंगे की शान और देश की आजादी के लिए देश के हजारों लोगों ने बलिदान किया है। हमारे सैनिकों ने तिरंगे के सम्मान के लिए बलिदान दिया है। यह हम सभी का दायित्व है कि तिरंगे को अपने घरों पर लगाकर क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज बच्चों की तरफ से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपके मन में नए विचार आएंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है और ये यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। आज आपकी नौकरी में प्रमोशन हो सकता है, जिससे ऑफिस में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलती रहेंगी लेकिन आप लेन-देन करते समय थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आप अपने किसी करीबी दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं, बाहर का मौसम आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने पिता का काम में हाथ बटाएँगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आप बच्चों के लिए घर में अलग-अलग तरह की डिशेज बना सकती हैं। आज बच्चों से आपको गुड न्यूज मिल सकती है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उपयोगी बना रहेगा। आज आपके सारे रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज दुकानदारों के लिए का दिन अच्छा रहेगा, आज आपकी अच्छी आमदनी होने के योग बन रहे है। आज आपकी रुचि कला के क्षेत्र में रहेगी और आपको अच्छे ऑफर भी मिल सकते है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिल सकती है, जिससे आपके व्यापार में ग्रोथ होगी। आज आपको किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

**तुला :** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप व्यर्थ के खर्चों को कम करने का प्रयास करें तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में दुगुना धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने बड़े-बुजुर्ग का आर्शिवाद लेकर नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है। आज काम कमी अधिकता रहेगी इसलिए आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। आज ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे आपका मन काम में लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है, जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें, जिससे आपका काम शांति से हो जाए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी।

### वोट चोरी के खिलाफ जयपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा की कठपुतली बन गया है चुनाव आयोग

**एजेंसी नई दिल्ली**



कांग्रेस ने बुधवार को राजस्थान के जयपुर में वोट चोरी के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट समेत राज्य में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस रैली में हिस्सा लिया। गहलोत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से उनके वोट चोरी के आरोप की जाँच के लिए हलफनामा मांगने पर चुनाव आयोग की आलोचना की। विरोध मार्च के दौरान गहलोत ने एएनआई से कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, इन सभी लोगों ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के ज़रिए पूरे देश में यह संदेश दिया है कि वोट चोरी हो रहे हैं। राहुल गांधी ने भी आँकड़े दिए हैं, और चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है। हमने ऐसा पहली बार देखा है।

गहलोत ने कहा कि जो हो रहा है वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है... बिहार में 60 लाख वोट काटे गए, लेकिन एक भी वोट नहीं जोड़ा गया... इसके खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विरोध प्रदर्शन कर रही है, जिसमें सभी लोग भाग ले रहे हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश भर में वोटों में धांधली को लेकर सवाल उठ रहे हैं... चुनाव आयोग कोई जवाब नहीं दे रहा है... मुझे आश्चर्य है कि भाजपा चुनाव आयोग का बचाव करने के लिए आगे आ रही है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की कोशिश की जा रही है।

## 'हरिजन' शब्द का उपयोग बंद करें सभी विभागः ओडिशा सरकार

**ओडिशा।** ओडिशा सरकार ने अपने सभी विभागों, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानों को आधिकारिक संवादों में 'हरिजन' शब्द का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अनुसूचित जाति (एससी) विकास और अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आयुक्त-सह-सचिव द्वारा मंगलवार को जारी एक पत्र के अनुसार, सरकार ने संबंधित प्राधिकारियों से कहा कि ''संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत अधिसूचित अनुसूचित जातियों से संबंधित व्यक्तियों को दर्शाने के लिए अंग्रेजी में अनुसूचित जाति और उड़िया या अन्य राष्ट्रीय भाषाओं में अनुसूचित जाति जैसे शब्दों का इस्तेमाल'' किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि यह पत्र सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और आयुक्त-सह-सचिवों को भेजा गया है।

### सासाराम विकास मंच की विचार गोष्ठी

## आपस में मिलकर हर क्षेत्र का विकास करना है : डॉ सचिन

**एजेंसी। सासाराम(रोहतास)**




सासाराम विकास मंच की ओर से मंच के अध्यक्ष तथा शहर के जाने-माने शल्य-चिकित्सक डॉ सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ सचिन कुमार सिंह ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य कतई राजनीतिक नहीं, बल्कि सासाराम का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने कहा कि यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। आपस में मिल-जुलकर हर क्षेत्र में आगे ले जाना ही मंच की सफलता और सार्थकता होगी। गोष्ठी में आए सासाराम एसपी जैन कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने कहा कि सासाराम विकास मंच की जो कल्पनाएं हैं, डॉ सचिन कुमार सिंह के संयोजन में निश्चित रूप से आने वाले समय में मूर्तरूप लेंगी। उन्होंने कहा कि यदि इच्छा-शक्ति हो, तो सबकुछ संभव है। रोहतास महिला कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सासाराम बहुत प्राचीन शहर है। इसकी प्राचीनता सम्राट अशोक के शिलालेख से भी प्रमाणित होती है। इसका हर तरह से विकास होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा मिलने से इस शहर का कृषि के क्षेत्र में अप्रत्याशित विकास होगा। पत्रकार व कवि सरोज कुमार पंकज ने कहा कि सासाराम में फ्लाईओवर बहुत जरूरी है। इससे शहर खूबसूरत दिखेगा, जाम से निजात मिलेगा तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सासाराम के साहित्य एवं कला-संस्कृति की ओर भी मंच का ध्यान आकृष्ट किया और इस क्षेत्र में भी विकास करने की बात कही। इनके अलावे शहर के विख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ केएन तिवारी, समाजसेवी डॉ जावेद अख्तर, सत्यनारायण स्वामी, विनोद बिहारी जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल तथा सरदार शिवदयाल सिंह सहित अनेक विद्वान वक्ताओं ने सासाराम विकास मंच के संयोजक डॉ सचिन कुमार सिंह को धन्यवाद देते हुए सासाराम के विकास के संदर्भ में अपना विचार सुझाये। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया।

### विधानसभा चुनाव | एसआईआर विवाद के बीच बीजेपी पर तेजस्वी का बड़ा आरोप

# 'गुजरात के लोग बन रहे हैं बिहार के मतदाता'

- आरोप लगाया कि चुनाव के बाद वे किसी अन्य राज्य में मतदाता बन सकते हैं

**एजेंसी। बिहार**

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का एक वरिष्ठ पदाधिकारी अपना मतदाता पंजीकरण कई राज्यों में स्थानांतरित कर रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में, यादव ने दावा किया कि गुजरात निवासी और बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव भीखू भाई दलसानिया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी विश्वासपात्र हैं, ने गुजरात की मतदाता सूची से अपना नाम हटाकर बिहार में मतदाता के रूप में पंजीकरण करा लिया है। तेजस्वी यादव ने लिखा कि यह भीखू भाई दलसानिया जी हैं। वे गुजरात के निवासी हैं। वे बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी विश्वासपात्र हैं। उन्हें भाजपा के विशेष बिहार प्रोजेक्ट का काम सौंपा गया है। यादव ने दावा किया कि दलसानिया पहले अमित शाह के गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करते थे और बिहार चुनाव के बाद किसी अन्य राज्य में पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह जी के लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में मतदान किया था। अब, बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते ही, उन्होंने गुजरात की मतदाता सूची से अपना नाम हटा लिया है और बिहार में मतदाता बन गए हैं। बिहार चुनाव समाप्त होने के बाद, वह संभवतः किसी अन्य राज्य में मतदाता बन जाएँगे। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे पाँच वर्षों में कितनी बार और कितने राज्यों में मतदान करते हैं। यादव के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में दलसानिया का कोई पता या मकान नंबर नहीं है, और उनका नाम हिंदी के बजाय गुजराती भाषा में है।



### बिहार में मतदाता सूची में गुजराती में नाम दर्ज

बिहार की मतदाता सूची में उनका नाम हिंदी में नहीं, बल्कि गुजराती भाषा में लिखा है, ताकि कोई भी हिंदी भाषी इसे पढ़ न सके। चुनाव आयोग की महानता असीम है, लेकिन इस बार हम हर विवरण पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। हम बिहार में चुनाव आयोग की वोट चोरी को सफल नहीं होने देंगे। इससे पहले आज, यादव ने आरोप लगाया कि भारत का चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को दो मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर जारी करके बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर कर रहा है। पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए यादव ने कहा, "पहले हमने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के बारे में बात की थी। अब आप इसे अपराध कहें, गलती कहें या पर्दाफ़ाश, हमने पहले भी कहा था, लेकिन आज मैं आपको बताना चाहता हूँ कि चुनाव आयोग भाजपा की मदद कर रहा है और विपक्ष के वोट काट रहा है।